संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | देहरादून, शुक्रवार 10 अक्टूबर 2025 ₹ 1 | www.actionindialive.com | Facebook.com/actionindialivee



दो दिवसीय यात्रा पर ऑस्ट्रेलिया गए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने समकक्ष रिचर्ड मार्लेस के साथ कई अहम मुद्दों पर द्विपक्षीय बैठक की।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 16 अंक: 279 पृष्ठ: 08

RNI : UTTHIN/2009/31653

actionindiaddn@gmail.com

उत्तराखण्ड संस्करण

दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड - चंडीगढ़

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## यमुना सफाई पर जोर, पिछली सरकारों पर करारा प्रहार, अमित शाह ने रखी 1816 करोड़ की परियोजनाओं की नींव

- 1816 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण।
- सीएम रेखा गुप्ता सहित प्रवेश वर्मा रहे मौजूद।

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली जल बोर्ड की 1816 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण और आधारशिला रखी, जिसमें 80 प्रतिशत यमुना सफाई पर केंद्रित हैं। उन्होंने पूर्व भाजपा नेता विजय कुमार मल्होत्रा को श्रद्धांजलि दी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 24 वर्ष की सेवा यात्रा की सराहना की। शाह ने यमुना को आस्था का विषय बताते हुए पूर्व सरकारों के खोखले वादों पर तंज कसा। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने यमुना को स्वच्छ बनाने और दिल्ली को विकसित करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

**श्रद्धांजलि और पीएम मोदी की सेवायात्रा पर जोर:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार मल्होत्रा को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि मल्होत्रा ने जनसंघ की स्थापना से अंतिम क्षण तक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा की विचारधारा को जीया। दिल्ली को आधुनिक बनाने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। शाह ने दो दिन पहले सात अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गुजरात के मुख्यमंत्री और देश के प्रधानमंत्री के रूप में 24 वर्ष की सेवा यात्रा पूरी करने का उल्लेख किया। उन्होंने कहा



कि मोदी देश के पहले ऐसे नेता हैं जिन्होंने इस तरह से राष्ट्रसेवा की। मोदी ने सुशासन को जमीन पर उतारा, अर्थव्यवस्था को मजबूत किया और भारत को विश्व पटल पर शीर्ष स्थान दिलाने का कार्य किया। उनकी जन्म तिथि पर शुरू हुए सेवा पखवाड़े के समापन पर 1816 करोड़ रुपये की योजनाओं को जनता को समर्पित किया जा रहा है, जिसमें 80 प्रतिशत यमुना सफाई से जुड़ी हैं।

**यमुना सफाई के पुराने वादों पर तंज :** शाह ने पूर्व सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने यमुना को साफ करने के वादे किए, लेकिन अमल नहीं किया। यमुना में डुबकी लगाने का वादा करने वाले नेता खुद डुबकी नहीं लगाए। प्रवेश वर्मा ने उनके कटआउट को डुबकी लगवाई तो वह बीमार हो गया। उन्होंने डुबकी न लगाई तो दिल्ली की जनता ने उनकी सरकार को यमुना में डुबो दिया। शाह ने आश्वासन दिया कि यमुना सफाई का कार्य पूरा किया जाएगा। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली बैठक में उन्होंने कहा था कि भ्रष्टाचार रोकने और विज्ञापन खर्च घटाने से मिलने वाली राशि से यमुना साफ हो जाएगी।

## भारत ने लोकतांत्रिक भावना को शासन का मजबूत स्तंभ बनाया: मोदी

- मोदी ने कहा कि भारत का डिजिटल स्टैक एक नए खुले इकोसिस्टम को जन्म दे रहा है।
- छोटे व्यापारियों और एमएसएमई के लिए वरदान साबित हो रहा है, जो उन्हें नए बाजारों तक पहुंचने में मदद कर रहा है।

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि भारत और यूनाइटेड किंगडम (यूके) कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और फिनटेक के क्षेत्र में विन-विन साझेदारी की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। भारत का डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र आज नवाचार, पारदर्शिता और समावेशन के नए वैश्विक मानक स्थापित कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी मुंबई में ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2025 (जीएफएफ) को संबोधित कर रहे थे। यूके के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर की उपस्थिति में मोदी ने कहा कि मुंबई ऊर्जा, उद्यम और अनंत संभावनाओं का शहर है। उन्होंने कहा कि भारत और ब्रिटेन के बीच विश्वास, नवाचार और प्रौद्योगिकी आधारित विकास के नए अध्याय की शुरूआत हो रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते एक दशक में भारत ने प्रौद्योगिकी का लोकतंत्रीकरण किया है। भारत ने दिखाया है कि प्रौद्योगिकी केवल सुविधा का साधन नहीं, बल्कि समानता का साधन भी बन सकती है। हमने डिजिटल तकनीक को देश के हर नागरिक और हर क्षेत्र तक सुलभ बनाया है। भारत आज दुनिया के सबसे तकनीकी रूप से समावेशी समाजों में से एक है। मोदी ने कहा कि भारत ने लोकतांत्रिक भावना को शासन का एक मजबूत स्तंभ बनाया है। यही भावना हमारे




### भारत में खुलेंगे ब्रिटेन के नामी विश्वविद्यालयों के कैंपस

**मुंबई।** ब्रिटेन के नौ प्रमुख विश्वविद्यालय जल्द ही भारत में अपने कैंपस शुरू करेंगे। इससे भारतीय छात्रों को देश में रहकर ही अंतर्राष्ट्रीय स्तर की पढ़ाई का अवसर मिलेगा। मुंबई में आयोजित ग्लोबल फिनटेक फेस्ट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के संयुक्त बयान में दी गई। दोनों नेताओं ने शिक्षा को द्विपक्षीय सहयोग का अहम क्षेत्र बताते हुए भारत में ब्रिटिश विश्वविद्यालयों के कैंपस खोलने की प्रगति पर खुशी जाहिर की। भारत के बहुत से प्रतिभाशाली छात्र उच्च शिक्षा के लिए विदेश का रास्ता देखते हैं, खासतौर पर ब्रिटेन के विश्वविद्यालय उन्हें लुभाते रहे हैं। भारत पर ब्रितानिया की हुकूमत के समय से ही यह चलन रहा है। आजादी के बाद भी ब्रिटेन के कई विश्वविद्यालयों की मान्यता बनी रही है, समय के साथ अब उन विश्वविद्यालयों में पढ़ना काफी खचीर्ला हो गया है और सामान्य वर्ग की पहुंच से बाहर हो गया है।

डिजिटल और फिनटेक मॉडल के मूल में है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इंडिया स्टैक पूरी दुनिया, खासतौर पर ग्लोबल साउथ के देशों के लिए आशा की किरण है। हम न केवल तकनीक साझा कर रहे हैं बल्कि अन्य देशों को उसे विकसित करने में भी मदद कर रहे हैं। यह डिजिटल सहायता नहीं बल्कि डिजिटल सशक्तिकरण है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के फिनटेक समुदाय के प्रयासों से स्वदेशी समाधान आज वैश्विक प्रासंगिकता हासिल कर रहे हैं। आज पूरी दुनिया में हमारे क्यूआर नेटवर्क, ओपन कॉमर्स और ओपन फाइनेंस फ्रेमवर्क की प्रशंसा हो रही है। इस वर्ष के पहले छह महीनों में भारत वैश्विक स्तर पर शीर्ष तीन सबसे अधिक वित्त पोषित फिनटेक पारिस्थितिक तंत्रों में शामिल रहा है। उन्होंने कहा कि भारत का डिजिटल स्टैक एक नए खुले इकोसिस्टम को जन्म दे रहा है। ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स छोटे व्यापारियों और एमएसएमई के लिए वरदान साबित हो रहा है, जो उन्हें नए बाजारों तक पहुंचने में मदद कर रहा है। इसी तरह, ओपन क्रेडिट एनेबलमेंट नेटवर्क ने छोटे उद्यमियों के लिए ऋण की उपलब्धता आसान बना दी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत में डिजिटल भुगतान लोगों के दैनिक जीवन का हिस्सा बन चुका है। इसका सबसे बड़ा श्रेय हमारी जेम ट्रिनिटी झ जन धन, आधार और मोबाइल को जाता है। आज भारत में हर महीने 20 अरब से अधिक यूपीआई लेनदेन होते हैं, जिनकी कुल राशि 25 लाख करोड़ रुपये से अधिक है। दुनिया में जितने भी रियल-टाइम डिजिटल ट्रांजैक्शन होते हैं, उनमें से हर 100 में से 50 लेनदेन केवल भारत में होते हैं। उन्होंने कहा कि पहले बैंकिंग व्यवस्था एक विशेषाधिकार हुआ करती थी लेकिन डिजिटल तकनीक ने इसे सशक्तिकरण का उपकरण बना दिया है।

## बदरीनाथ धाम में रिकार्ड 14.59 लाख तीर्थयात्रियों ने किए दर्शन

**देहरादून।** बदरीनाथ धाम में भी तीर्थयात्रियों की बढ़ती संख्या ने पिछले वर्ष का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। बुधवार तक कुल 14 लाख 59 हजार 450 तीर्थयात्री भगवान बदरीनाथ के दर्शन को पहुंच चुके हैं जबकि कपाट बंद होने में अभी डेढ़ माह का समय शेष है। आगामी 25 नवंबर को शीतकाल के लिए बदरीधाम के कपाट बंद कर दिए जाएंगे। इस यात्रा वर्ष बदरीनाथ और केदारनाथ धाम में अब तक 31, 15, 989 तीर्थयात्रियों ने दर्शन किए हैं। केदारनाथ के साथ ही बदरीनाथ धाम में भी पिछले वर्ष की तुलना में यात्रियों की बढ़ती संख्या ने नया रिकॉर्ड बनाया है।

## कोई आतंकी कनेक्शन नहीं, पटाखा भंडारण में हुआ था विस्फोट, एसओ समेत पांच निलंबित

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश में कानपुर जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र में बुधवार को हुए ब्लास्ट मामले की प्रारंभिक जांच में अवैध पटाखा भंडारण का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार इस घटना में कोई आतंकी कनेक्शन नहीं है। इसकी जांच के लिए गुरुवार को उत्तर प्रदेश की एंटी टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) टीम पहुंच गई है। पुलिस कमिश्नर रघुवीर लाल ने इस मामले में एसीपी कोतवाली को हटा दिया और मूलगंज थाना प्रभारी समेत पांच



पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। पुलिस कमिश्नर रघुवीर लाल ने बताया कि इस घटना का कोई आतंकी कनेक्शन नहीं है। खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स ने धमाके कराने का दावा बेबुनियाद है। विस्फोट वाली जगह पर दुकान से एक क्विंटल पटाखे मिले हैं। एक अन्य गोदाम से तीन क्विंटल पटाखे मिले हैं। इस संबंध में बिना लाइसेंस पटाखे रखने वालों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## सर्दियों में घुसपैठ रोकने के लिए सुरक्षा बल हर स्थिति से निपटने को तैयार रहें : अमित शाह

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सर्दियां नजदीक हैं और आतंकवादी बर्फबारी का फायदा उठाकर घुसपैठ की कोशिश कर सकते हैं, इसलिए सुरक्षा बलों को हर स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहना चाहिए। अमित शाह ने यहां जम्मू और कश्मीर की सुरक्षा स्थिति की उच्च-स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार की आतंकवाद-मुक्त जम्मू और कश्मीर के लक्ष्य को प्राप्त करने की अटूट प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि सुरक्षा एजेंसियों के ठोस और समन्वित प्रयासों के कारण अब जम्मू-कश्मीर में दुश्मन देशों द्वारा पोषित आतंकवादी नेटवर्क लगभग समाप्त हो चुका है। उन्होंने कहा कि हमारे सुरक्षा बलों को जम्मू-कश्मीर की शांति और सुरक्षा को खतरा



पहुंचाने वाले हर प्रयास को नाकाम करने की पूरी स्वतंत्रता है। सरकार आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए हरसंभव कदम उठा रही है। गृह मंत्री ने हाल ही में हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद केन्द्रशासित प्रदेश प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों द्वारा तेजी से उठाए गए कदमों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इन कार्रवाइयों ने जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया है तथा आतंकवादियों की किसी भी नई साजिश को नाकाम करने में मदद की है। अमित शाह ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ चल रहे अभियानों में सभी सुरक्षा एजेंसियों का तालमेल बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने निर्देश दिया कि खुफिया जानकारी के आदान-प्रदान और संयुक्त ऑपरेशनों के दौरान समन्वय को और सुदृढ़ किया जाए, ताकि किसी भी संभावित खतरे को समय रहते विफल किया जा सके। गृह मंत्री ने विशेष रूप से कहा कि जैसे-जैसे सर्दियां बढ़ेंगी, आतंकवादी बर्फबारी और कम दृश्यता का फायदा उठाकर सीमा पार से घुसपैठ की कोशिश कर सकते हैं।

## केंद्रीय मंत्री ने दुबई स्थित गुरुद्वारा गुरु नानक दरबार, जैबेल अली में की अरदास



**चण्डीगढ़ :** केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलें एवं ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने विदेश दौरे के दौरान दुबई स्थित गुरुद्वारा गुरु नानक दरबार, जैबेल अली में अरदास कर देश वासियों के सुख समृद्धि की कामना की। गुरुओं की वाणी भी मानव जाति का मार्गदर्शन कर रही हैं। गुरुओं के संदेश को घर-घर तक पहुंचाना चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ियां उनसे प्रेरणा लेती रहे। सिख व पंजाबी समाज की तारीफ की और स्वागत के लिए उनका धन्यवाद किया केंद्रीय मंत्री का दुबई स्थित गुरुद्वारा गुरु नानक दरबार, जैबेल अली में पहुचनें पर गुरुद्वारा साहिब के मुख्य सेवादार सरदार सुरिंदर सिंह कंधारी और प्रबंधक सेवक एसपी सिंह ओबेरॉय ने उन्हें सिरोपा और सम्मान चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

## सभी ठोस कचरे को सड़क निर्माण में उपयोग करने की योजना: गडकरी

**टीम एक्शन इंडिया**



**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि साल 2027 तक देश के सभी ठोस कचरे को सड़क निर्माण में उपयोग करने की सरकार की योजना है। इस 'कचरे से धन' पहल के तहत अब तक 80 लाख टन कचरा चिह्नित कर सड़क परियोजनाओं में उपयोग किया जा चुका है। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ टिकाऊ बुनियादी ढांचे का निर्माण करना है। गडकरी ने गुरुवार को यहां पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के 120वें वार्षिक सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की योजना 2027 के अंत तक देश में उपलब्ध सभी ठोस कचरे का उपयोग सड़क निर्माण में करने की है। उन्होंने कहा कि हम पहले ही 80 लाख टन कचरे को अलग कर उसके माध्यम से सड़कों का निर्माण कर रहे हैं।

## तकनीक का नैतिक और जिम्मेदार उपयोग हो: बिरला

**बिरला बोले...**

- डिजिटल डिवाइड को दूर करना कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए ओम बिरला ने यह बात कही।

**टीम एक्शन इंडिया**

**ब्रिजटाउन।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने राष्ट्रमंडल देशों के सांसदों से आग्रह किया है कि वे प्रौद्योगिकी का समुचित उपयोग और डिजिटल डिवाइड की समस्या का समाधान करते हुए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के विवेकपूर्ण और नैतिक उपयोग को बढ़ावा दें।

**राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) के 68वें सम्मेलन के दौरान 'प्रौद्योगिकी का लाभ उठाना:** डिजिटल परिवर्तनों के माध्यम से लोकतंत्र को सशक्त बनाना और



डिजिटल डिवाइड को दूर करना' विषय पर आयोजित कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए ओम बिरला ने यह बात कही। बारबाडोस की राजधानी ब्रिजटाउन में 05 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक आयोजित सीपीए के 68 वें सम्मेलन में ओम बिरला के नेतृत्व में भारतीय प्रतिनिधि मंडल गया है जिसमें राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश सहित अनेक सांसद एवं अनेक विधानसभाओं के अध्यक्ष सम्मिलित हैं। गुरूवार को आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि आपसी सहयोग और जानकारी साझा करते हुए यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि प्रौद्योगिकी अवरोध न बनकर सेतु की भूमिका निभाए।

## भारत और ऑस्ट्रेलिया ने तीन प्रमुख समझौतों पर किये हस्ताक्षर



**बैठक**

- राजनाथ सिंह ने विदेश मंत्री पेनी वोंग और प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज के साथ कीं द्विपक्षीय बैठकें

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को ऑस्ट्रेलियाई युद्ध स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित करके अपनी यात्रा शुरू की। पहले दिन विदेश मंत्री पेनी वोंग और प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज से मुलाकात करके द्विपक्षीय बैठकें कीं। भारत और ऑस्ट्रेलिया ने तीन प्रमुख समझौतों पर हस्ताक्षर करके अपनी रक्षा साझेदारी को मजबूत करने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कैनबरा में ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने बढ़ती भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने और व्यापार, प्रौद्योगिकी, संपर्क और क्षेत्रीय सुरक्षा सहित प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग को गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की। भारत और ऑस्ट्रेलिया ने रक्षा साझेदारी को मजबूत करने के लिए तीन प्रमुख समझौतों पर हस्ताक्षर किये हैं, जो सूचना साझाकरण समझौता, पनडुब्बी खोज एवं बचाव सहयोग पर समझौता ज्ञापन और संयुक्त स्टाफ वार्ता की स्थापना से संबंधित हैं। इन समझौतों का उद्देश्य दोनों सशस्त्र बलों के बीच परिचालन समन्वय, समुद्री सुरक्षा सहयोग और अंतर-संचालन क्षमता को बढ़ाना है। सैन्य अभ्यास, रक्षा उद्योग सहयोग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी और बहुपक्षीय सहयोग में द्विपक्षीय पहलों पर भी चर्चा हुई। राजनाथ सिंह ने आज ही ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री के साथ रक्षा साझेदारी विश्वास, साझा हितों और समृद्ध हिंद-प्रशांत के प्रति प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

## टीवीके प्रमुख विजय के घर पर बम रखने की धमकी देने वाला व्यक्ति गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** चेन्नई के नीलंकरई में तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) प्रमुख विजय के घर बम रखने की धमकी देने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गुरुवार सुबह टीवीके प्रमुख एवं अभिनेता विजय को एक मेल के जरिए उनके नीलंकरई स्थित घर में बम होने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस ने खोजी कुत्ते की मदद से विजय के घर की तलाशी ली, लेकिन कोई विस्फोटक सामग्री नहीं मिली। पुलिस के अनुसार जांच के बाद धमकी देने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है। व्यक्ति की पहचान साबिक के रूप में हुई, जो मीनाम्बक्कम के एक कॉलेज में काम करता है।

**जन भागीदारी** — *स्कूल के भवन व बच्चों की वर्दी का अलग होगा रंग*

## अगले सत्र से प्रदेश में 100 सीबीएसई स्कूल होंगे शुरू : मुख्यमंत्री

**पंकज शर्मा**

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज शिक्षा विभाग की एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि अगले शैक्षणिक सत्र से प्रथम चरण में प्रदेश भर में 100 स्कूलों को सीबीएसई पाठ्यक्रम पर संचालित किया जाएगा। उन्होंने शिक्षा विभाग को इस संबंध में सभी तैयारियां समय सीमा के भीतर पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीबीएसई पैटर्न आधारित स्कूलों का अलग रंग होगा और यहां पढने वाले विद्यार्थियों की अलग रंग की वर्दी होगी। इन स्कूलों में स्मार्ट कक्षाओं



के साथ-साथ मैस का प्रबंध भी किया जाएगा और विद्यार्थियों को पौष्टिक भोजन प्रदान किया जाएगा। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अवगत करवाया कि प्रदेश में सीबीएसई के मापदंड पूरा करने वाले अब तक 86 स्कूलों की पहचान की जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को शेष स्कूलों में सीबीएसई के मापदंड जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने के प्रयास कर रही है और इसके लिए धन की कोई कमी नहीं है। शिक्षा विभाग में खाली पड़े अध्यापकों के पदों को भरा जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार के प्रयासों से हिमाचल प्रदेश गुणात्मक शिक्षा में 21वें स्थान से 5वें स्थान पर पहुंच गया है और राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में पढने वाले बच्चों को गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने के लिए निरन्तर प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री ने राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल बनाने की समीक्षा भी की और अधिकारियों को इसमें तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन स्कूलों में एक अच्छा कैम्पस तैयार होना चाहिए, जहां खेलकूद गतिविधियों के लिए भी पर्याप्त जगह हो। शिक्षा क्षेत्र में सुधार लाने में राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल मील का पत्थर सिद्ध होंगे। सुक्खू ने कहा कि हर जिला में स्टेट ऑफ आर्ट कॉलेज बनाने का भी प्रयास किया जा रहा है, जहां विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा के साथ-साथ सभी प्रकार की गतिविधियां उपलब्ध होंगी ताकि इनका सर्वांगीण विकास हो सके। बैठक में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, निदेशक उच्च शिक्षा अमरजीत शर्मा सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

# मंत्री जोशी ने किया सेब महोत्सव 2.0 का शुभारंभ

**प्रतीक**

**सेब महोत्सव राज्य की कृषि क्षमता व किसानों की आत्मनिर्भरता का प्रतीक : गणेश जोशी**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने गुरुवार को दो दिवसीय 'सेब महोत्सव 2.0' का शुभारंभ किया। इस मौके पर मंत्री जोशी ने कहा कि यह महोत्सव राज्य की कृषि क्षमता और किसानों की आत्मनिर्भरता का प्रतीक है।
यहां आईटी पार्क सहस्त्रधारा स्थित नाबार्ड के कार्यालय में राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) की ओर से सेब महोत्सव 2.0' का शुभारंभ किया।
इस दौरान मंत्री ने विभिन्न जनपदों के यहां लगे स्टालों का भी अवलोकन कर किसानों से संवाद भी किया। इस अवसर पर कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि सेब महोत्सव उत्तराखंड के सेब उत्पादकों की मेहनत, नवाचार और कृषि उद्यमिता का उत्सव है। यह पर्वतीय राज्य की कृषि क्षमता और किसानों की आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। उन्होंने आगामी सेब महोत्सव में कृषि एवं उद्यान के उत्पादों को लगाने का नाबार्ड के अधिकारियों को कहा।
मंत्री ने कहा कि नाबार्ड ने उत्तराखंड जैसे राज्य में कृषि एवं ग्रामीण विकास को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राज्य सरकार कृषि के विविधीकरण पर विशेष बल दे रही है। बागवानी, सुगंधित एवं औषधीय पौधों, डेयरी, मत्स्य पालन, रेशम उत्पादन, मधुमक्खी पालन और मशरूम उत्पादन जैसे क्षेत्रों को प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे किसानों को पारंपरिक खेती से आगे बढ़कर उच्च मूल्य वाली फसलों की ओर आकर्षित किया जा सके।
उन्होंने बताया कि नाबार्ड ने राज्य में 138 किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) को 20 करोड़ रुपये का अनुदान दिया है। साथ ही, कुल 34 वॉटरशेड एवं स्प्रिंगशेड परियोजनाओं के माध्यम से 11,164 हेक्टेयर भूमि का उपचार किया गया है, जिससे 5,045 परिवार लाभान्वित हुए हैं। बागवानी आधारित विकास कार्यक्रमों के तहत 4,163 एकड़ भूमि पर सेब, कीवी, अखरोट, आम, अमरूद और अन्य फलों के बाग स्थापित किए गए हैं।
मंत्री ने बताया कि नाबार्ड ने कृषि के विभिन्न आयामों पर आधारित 20 नवाचार पायलट परियोजनाएं भी शुरू की हैं, जिनमें जैविक उत्पादों की ट्रेसबिलिटी, एक्वापोनिक्स, मोरिंगा आधारित एकीकृत कृषि मॉडल, फार्म टूरिज्म, प्राकृतिक खेती, औषधीय एवं सुगंधित पौधों पर आधारित मॉडल और शून्य ऊर्जा कूल चैंबर जैसे अभिनव प्रयोग शामिल हैं।
इन पहलों का उद्देश्य कृषि उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ ग्रामीण आजीविका के अवसरों को सृजित करना और पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देना है।
उन्होंने यह भी बताया कि हरिद्वार जिले में नाबार्ड द्वारा 500 किसानों के साथ जैविक खेतों के डिजिटलीकरण की परियोजना संचालित की जा रही है।

# पुलिस का नशा कारोबार पर प्रहार: 11 पेटी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**निर्देश**

**नशा तस्करों के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने हेतु अधिकारियों, कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए गए हैं।**



**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
पुलिस ने एक बार फिर नशे के अवैध कारोबार पर प्रहार किया है। ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र से एसओजी व पुलिस टीम ने एक शराब तस्कर को 11 पेटी अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है।
एसएसपी नैनीताल प्रहलाद नारायण मीणा ने नैनीताल जिले में अवैध नशा तस्करों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही किए जाने हेतु सभी अधीनस्थ अधिकारियों, कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए गए हैं।
प्रकाश चंद्र, एसपी सिटी हल्द्वानी के मार्गदर्शन नितिन लोहनी, क्षेत्राधिकारी हल्द्वानी के पर्यवेक्षण तथा अमरचंद शर्मा, प्रभारी निरीक्षक हल्द्वानी के नेतृत्व में एसओ0मजी टीम व हल्द्वानी पुलिस टीम द्वारा संयुक चैकिंग के दौरान रामपुर रोड पर गन्ना सेंटर से आगे झलक बार के पास नीम करौली प्रॉपर्टीज के पास से एक व्यक्ति नवीन कुमार सिंह को कुल 11 पेटी अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। उसके विरुद्ध कोतवाली हल्द्वानी में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार नवीन कुमार सिंह पुत्र उदय शंकर सिंह निवासी कुसुमखेड़ा थाना मुखानी निवासी है। उसके पास से कुल 11 पेटी (66 पव्वे मैकडेवल व्हिस्की ,44 पव्वे 8 पीएम व्हिस्की , 24 बोतल बीयर ,72 केन बीयर, 19 हाफ मकडेवल विस्की, 33 पव्वे बकाडी लेमन रम ,37 पव्वे रॉयल स्टैग व्हिस्की, 12 बोतल कॅप्टन मॉर्गन रम) बरामद हुई।

## पिता ने नाबालिग बेटी को किया गर्भवती, प्रेमी ने भी लूटी अस्मत

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
कनखल थाना क्षेत्र में एक कलयुगी पिता ने अपनी नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म किया। घटना की जानकारी पीड़िता के गर्भवती होने पर चली। इतना ही नहीं इंस्टाग्राम पर मिले प्रेमी ने भी मासूम के साथ कई बार दुष्कर्म किया। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।
जानकारी के मुताबिक अपनी नाबालिग बेटी संग दुष्कर्म करने के बाद 60 वर्ष के पिता ने अपनी करतूत छिपाने के लिए नाबालिग को गर्भपात की दवा खिला दी, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई।

# गंगोत्री नेशनल पार्क ने बर्फबारी के बाद ट्रैकिंग पर लगाई अस्थाई रोक

**ट्रैकिंग**

**वहीं जिन ट्रैकर्स को मंगलवार और बुधवार को जाना था। उन्हें अभी गंगोत्री में ही रोका गया है**



**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
गंगोत्री नेशनल पार्क प्रशासन ने गोमुख-तपोवन की ट्रैकिंग पर बर्फबारी के चलते रोक लगाते हुए है दो दिनों के लिए अस्थाई रोक लगा दी है जिससे पार्क में आवाजाही बंद रहेगी। बता दें कि बीते सोमवार देर रात से गोमुख-तपोवन क्षेत्र में भारी बर्फबारी हुई। करीब आधा फीट से अधिक बर्फ गिरी है। गंगोत्री नेशनल पार्क की ओर से गोमुख, भोजबासा और तपोवन में बर्फबारी को देखते हुए ट्रैकिंग पर दो दिन की अस्थाई रोक लगाई गई है। वहीं बुधवार सुबह तक गोमुख-तपोवन ट्रैक पर गए सभी ट्रैकर्स गंगोत्री लौट आए हैं। दो दिन हुई बर्फबारी के बीच गोमुख-तपोवन ट्रैक पर ट्रैकर्स ने बर्फ के बीच ट्रैकिंग के रोमांच का लुत्फ उठाया।
गौरतलब है कि बीते सोमवार देर रात से गोमुख-तपोवन क्षेत्र में भारी बर्फबारी हुई। वहां पर करीब आधा फीट से अधिक बर्फ गिरी। मौसम और बर्फबारी के अलर्ट को देखते हुए मंगलवार और बुधवार को उस क्षेत्र की ट्रैकिंग पर अस्थाई रोक लगाई हुई है। गंगोत्री नेशनल पार्क के रेंजर प्रदीप बिष्ट ने बताया कि शुक्रवार को भी मौसम को देखते हुए गंगोत्री नेशनल पार्क प्रशासन गोमुख ट्रैकिंग को खोलने का निर्णय लेगा। उन्होंने बताया कि मौसम खराब होने के कारण मंगलवार और बुधवार सुबह तक ट्रैक पर गए सभी 139 ट्रैकर्स वापस लौट आए हैं।
वहीं जिन ट्रैकर्स को मंगलवार और बुधवार को जाना था। उन्हें अभी गंगोत्री में ही रोका गया है। इस दौरान बर्फबारी के बीच लौट रहे ट्रैकर्स ने भोजबास, चीड़बासा में कैंपिंग का लुत्फ भी उठाया। इसके साथ ही नेलांग सहित जादूंग घाटी में अच्छी बर्फबारी हुई है। वहां पर भी पहाड़ियों ने बर्फ की सफेद चादर ओढ़ ली है।

## न्यूज फ्लैश

### छात्रा से बदसलूकी और अपहरण का आरोप, बराकोट के शिक्षा कर्मियों पर केस दर्ज

**चंपावत/टीम एक्शन इंडिया**
लोहाघाट में एक नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ और अपहरण के प्रयास का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां की शिकायत पर पुलिस ने शिक्षा विभाग के एक कर्मचारी सहित तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। छात्रा का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है।
घटना बाराकोट विकासखंड क्षेत्र की है। पीड़िता की मां के अनुसार, उनकी 14 वर्षीय बेटी स्कूल जा रही थी, तभी एक कार में सवार शिक्षा विभाग के एक कार्मिक ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर उसे जबरन गाड़ी में बैठाने की कोशिश की।
छात्रा किसी तरह वहां से भाग निकली और सीधे स्कूल पहुंचकर शिक्षकों को घटना की जानकारी दी। विद्यालय प्रशासन ने तत्काल परिजनों और पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। तहरीर के आधार पर नागेंद्र जोशी, दुर्गेश जोशी और एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ पोक्सो अधिनियम की धारा 11 तथा भारतीय न्याय संहिता की धारा 127 और 78 के तहत मामला दर्ज किया गया है।
मामले की जांच उपनिरीक्षक सुष्मिता राणा को सौंपी गई है। वहीं, आरोपियों ने अपने ऊपर लगे आरोपों से इनकार करते हुए इसे एक साजिश बताया है।

### महिला की संदिग्ध मौत का राज्य महिला आयोग ने लिया संज्ञान, सख्त कार्रवाई के निर्देश

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जनपद के दूरस्थ थराली क्षेत्र में 23 वर्षीय विवाहिता उर्मिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले का उत्तराखण्ड राज्य महिला आयोग ने स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग ने निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई के आदेश दिए हैं।
थराली क्षेत्र की 23 वर्षीय विवाहिता उर्मिला का विवाह लगभग दो वर्ष पूर्व हुआ था और उसका 11 माह का एक शिशु भी है। उसके आत्महत्या करने बात कही जा रही है लेकिन क्या उसे आत्महत्या के लिए विवश या उकसाया गया। इसकी जांच हो रही है। मृतका की मां की शिकायत के आधार पर पुलिस ने सास, ससुर, ननद और देवर के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है।
इस घटना का राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल ने स्वतः संज्ञान लेते पूरे प्रकरण पर कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने कहा कि यह न केवल एक संवेदनशील मामला है, बल्कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान से जुड़ा गंभीर प्रश्न है। आयोग ने एसपी चमोली से विस्तृत रिपोर्ट तलब की है और निर्देश दिए हैं कि मामले की निष्पक्ष व त्वरित जांच सुनिश्चित की जाए।
उन्होंने बताया कि दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। पीड़िता के परिवार को न्याय दिलाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।
अध्यक्ष कण्डवाल ने यह भी निर्देश दिए कि पुलिस पीड़िता के परिवार को कानूनी सहायता प्रदान करें और जांच करते हुए घटना की रिपोर्ट दो सप्ताह के भीतर आयोग को भेजी जाए।
अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल ने कहा कि ऐसी घटनाएं समाज के लिए कलंक हैं। हमें ऐसी मानसिकता के विरुद्ध एकजुट होकर खड़ा होना होगा ताकि भविष्य में कोई भी बेटी ऐसी पीड़ा न झेले।क्षराज्य महिला आयोग इस प्रकरण की सतत निगरानी करेगा और न्याय सुनिश्चित होने तक इसे प्राथमिकता पर रखेगा।

### ट्रेन से कटकर इंजीनियर की मौत

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
ट्रेन से कटकर एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक की पहचान प्रेम कुमार के रूप में हुई है, जो एक अमेरिकी कंपनी में टीम लीडर के तौर पर काम करते थे। यह हत्या है या आत्महत्या इस संबंध में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।
पुलिस के मुताबिक प्रेम कुमार का तलाक हो गया था, जिसके बाद से वह मानसिंक तनाव में था।
प्रेम कुमार ने धर्म परिवर्तन कर लिया था। पहले वो ईसाई थे और तलाक के बाद हिन्दू बन गए थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# कार की मांग पूरी न होने पर महिला का उत्पीड़न, पति समेत 8 के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
दहेज में क्रेटा कार की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को प्रताड़ित करने, मारपीट करने और तेजाब से चेहरा खराब करने की धमकी देने का गंभीर मामला सामने आया है।
रुड़की के शिवदासपुर उर्फ तेलीवाला निवासी हिमानी पत्नी नरेश ने महिला हेल्प लाइन, रुड़की में पति, सास-ससुर समेत ससुराल पक्ष के आठ लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। विवाहिता ने आरोप लगाया है कि शादी के बाद से ही उसे लगातार दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा है और क्रेटा कार न लाने पर पति तलाक की धमकी दे रहा है।
पीड़िता हिमानी ने अपनी तहरीर में बताया है कि उनकी शादी 18 अप्रैल 2024 को कलियर निवासी नरेश पुत्र सोमी के साथ हुई थी। शादी में उनके पिता ने अपनी हैसियत के मुताबिक भारी दान-दहेज दिया था, जिसमें घरेलू सामान, सोने के जेवरात और एक चार पहिया गाड़ी क्विड भी शामिल थी।
आरोप है कि शादी के एक महीने बाद ही पति नरेश ने ताने मारना शुरू कर दिया और कहा कि उसकी सरकारी नौकरी है और उसके जीजा नेपाल उसे क्रेटा कार के साथ बड़े घर में शादी करवा रहे थे। इसके बाद पति समेत सास कमलेश, ससुर सोमी, जेठानी सुमन, जेठ मनोज और रवि पुत्र मांगा ने दहेज को लेकर गाली-गलौज करना शुरू कर दिया, जिससे उनका जीना दुश्वार हो गया।
पीड़िता के अनुसार, जनवरी 2025 में एक पुत्र के जन्म के बाद भी ससुराल वालों के व्यवहार में कोई बदलाव नहीं आया। दहेज की मांग को लेकर मारपीट और गाली-गलौज जारी रही। करीब दो महीने पहले पति नरेश उन्हें और उनके पुत्र को मायके छोड़कर चला गया और जून 2025 में क्रेटा कार के साथ ही वापस लाने की धमकी दी। इस मामले में 14 जून 2025 को ससुराल में हुए विवाद के बाद, स्थानीय मौजिज व्यक्तियों की मौजूदगी में 15 जून 2025 को थाना कलियर पर एक समझौता हुआ। समझौते के तहत पति नरेश ने बिना शर्त पत्नी को 27 जून 2025 को अपने तैनाती स्थान ब्लॉक धौला देवी, जिला अल्मोड़ा ले जाने और रुड़की कोर्ट में चल रहे तलाक के मुकदमे को वापस लेने पर सहमति जताई।
पीड़िता ने बताया कि 28 जून 2025 को पति उन्हें पुत्र अनिरुद्ध के साथ अल्मोड़ा ले गया। वहां 1-2 दिन तक तो सब ठीक रहा, लेकिन उसके बाद नरेश ने फिर से क्रेटा कार की मांग दोहराते हुए मारपीट शुरू कर दी।
इतना ही नहीं, उसने बच्चे अनिरुद्ध का गला दबाने का भी प्रयास किया और पीड़िता का फोन छीन लिया।

## वाहन पलटने से छात्राएं घायल, हायर सेंटर रेफर

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले के पोखरी-गोपेश्वर मोटर मार्ग वाहन पलटने से घायल हुई छात्राओं को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।
जानकारी के अनुसार गोपेश्वर से जिलास्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता से लौट रहे छात्राओं का सूमो वाहन सलना के पास सड़क पर पलट गया। इससे उसमें सवार छह छात्राएं घायल हो गई। घायलों को उपचार के लिए पोखरी अस्पताल में भर्ती किया गया। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर श्रीनगर रेफर कर दिया गया है। घायल छात्राओं में पूवार्शी, दीया, आंचल, आरूषि, दीक्षा, अंशिका शामिल है।

# रुड़की में फर्जी सैन्य कर्मी गिरफ्तार, सेना की वर्दी व 18 डेबिट कार्ड बरामद

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
आर्मी इंटेलिजेंस, कोतवाली रूड़की पुलिस, सीआईयू रूड़की और एलआईयू रूड़की की संयुक्त टीम ने एक फर्जी सैन्य कर्मी को गिरफ्तार किया है। आरोपित के कब्जे से सेना की वर्दी, नेम प्लेट, आर्मी कार्ड, फर्जी ज्वाइनिंग लेटर और 18 डेबिट कार्ड बरामद किए गए हैं।
पुलिस एवं इंटेलिजेंस विभाग आरोपी से पूछताछ कर यह जानने का प्रयास कर रहे हैं कि उसका आर्मी परिसर में आने का वास्तविक उद्देश्य क्या था।
कोतवाली रूड़की पुलिस व आर्मी इंटेलिजेंस को सूचना प्राप्त हुई कि आर्मी एरिया में एक संदिग्ध व्यक्ति सेना की वर्दी में घूम रहा है। सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए संयुक्त टीम ने एमईएस गेट के पास से संदिग्ध को दबोच लिया।



पुलिस क्षेत्राधिकार रुड़की नरेंद्र पंत ने बताया कि पूछताछ में आरोपित ने अपनी पहचान सुरेन्द्र कुमार पुत्र शिशराम निवासी ग्राम कोलसिया, थाना नवलगढ़, जिला झुंझुनू (राजस्थान) के रूप में बताई। उसने स्वीकार किया कि वह सेना की वर्दी पहनकर कैंट एरिया में आसानी से प्रवेश कर लेता था और वहां से सूचनाएं एकत्र करता था।
पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। बरामदगी में सेना की वर्दी, नेम प्लेट, आर्मी कार्ड, फर्जी ज्वाइनिंग लेटर तथा 18 डेबिट कार्ड शामिल हैं।

# दीपावली से पहले अलर्ट मोड में दमकल विभाग,दुकानों का निरीक्षण

**जांच शुरू**

**आगजनी रोकने के लिए विभाग ने शहरभर में सुरक्षा इंतजामों की सघन जांच शुरू कर दी है**



**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
दीपावली पर्व से पहले दमकल विभाग हल्द्वानी पूरी तरह से अलर्ट मोड पर आ गया है। बढ़ती भीड़ और आतिशबाजी के दौरान संभावित आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिए विभाग ने शहरभर में सुरक्षा इंतजामों की सघन जांच शुरू कर दी है।
मुख्य अग्निशमन अधिकारी गौरव किरार और फायर स्टेशन ऑफिसर एम.पी. सिंह के नेतृत्व में दमकल टीम ने शहर के विभिन्न पटाखा गोदामों और दुकानों का फायर सेफ्टी निरीक्षण किया।
निरीक्षण के दौरान फायर एक्सटिंग्विशर, इमरजेंसी एग्जिट, विस्फोटक सामग्री के भंडारण नियमों और सुरक्षा मानकों की बारीकी से जांच की गई।सीएफओ गौरव किरार ने बताया कि हल्द्वानी क्षेत्र में इस वर्ष कुल 5000 किलोग्राम क्षमता वाले एक गोदाम और 12 दुकानों को मानकों के अनुरूप आतिशबाजी का लाइसेंस जारी किया गया है।
इसके अलावा, भीड़भाड़ वाले इलाकों में दमकल वाहन तैनात किए गए हैं और सभी फायर हाइड्रेंट्स को क्रियाशील स्थिति में रखा गया है।उन्होंने बताया कि यह अभियान दीपावली से पूर्व शहर में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके। वहीं, पटाखा व्यापारियों ने भी फायर विभाग के निदेर्शों का पालन करने और सुरक्षा मानकों को लागू करने का आश्वासन दिया है।

# केदारनाथ में अब तक 16 लाख 56 हजार दर्शनार्थियों ने किए दर्शन, बना रिकॉर्ड

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड में प्राकृतिक आपदा और मौसम की दुश्वारियों के बीच केदारनाथ की यात्रा में इस वर्ष दर्शनार्थियों का नया रिकार्ड बना है। इस साल अभी तक धाम में दर्शनार्थियों की संख्या 16 लाख 56 हजार के पार हो गई है।
पिछले वर्ष केदारनाथ में 16 लाख 52 हजार 76 श्रद्धालुओं ने दर्शन किये थे। इस वर्ष केदारनाथ के कपाट 23 अक्तूबर को परंपरानुसार भैयादूज के पर्व पर बंद होने है, ऐसे में यात्रा के शेष 14 दिनों में यात्रियों की संख्या सत्रह लाख से अधिक पहुंचने की उम्मीद है। अक्टूबर माह के शुरू के आठ दिन में ही 59754 यात्रियों ने धाम में दर्शन किये हैं।



इस वर्ष 2 मई से केदारनाथ यात्रा शुरू हुई थी। कपाट खुलने के दिन ही धाम में 30,154 शिव भक्तों ने दर्शन किए थे, जो केदारनाथ यात्रा के इतिहास में नया रिकार्ड था। पहले दिन से ही देश-विदेश से पहुंचने वाले यात्रियों का उत्साह अपने चरम पर रहा। यात्रा में पैदल मार्ग से हवाई मार्ग तक यात्रियों की भीड़ रही। मंदिर समिति को भक्तों की भीड़ को देखते हुए मंदिर 22 घंटे तक खुला रखना पड़ा, जिसमें 16 घंटे से अधिक समय तक यात्रियों को दर्शनों कराए गए। जून में मौसम की दुश्वारियों और हेलीकॉप्टर क्रैश होने के बाद भी पैदल यात्रा का उत्साह बना रहा। भले ही मई की तुलना में यात्री कम पहुंचे। बरसात में गौरीकुंड हाईवे के कई जगहों पर बार-बार बाधित होने से यात्रा को कई दिन रोकना पड़ा। हालात यह रहे कि अगस्त माह में सिर्फ 31 हजार श्रद्धालु केदारनाथ पहुंचे। मानसून की रफ्तार थमने और 15 सितंबर से यात्रा का दूसरा चरण शुरू होते ही यात्रियों की संख्या में भी इजाफा होने लगा। वहीं, इस सप्ताह बीते तीन दिनों से केदारनाथ में बर्फबारी के बीच बाबा केदार के भक्तों का उत्साह जोरों पर है। केदारनाथ में मौजूद बीकेटीसी के सदस्य डॉ. विनीत पोस्ती ने बताया कि खराब मौसम के बाद भी धाम में यात्रियों की अच्छी संख्या बनी हुई है।
केदारनाथ मंदिर के कपाट बंद होने में 14 दिन शेष हैं, ऐसे में उम्मीद है कि दर्शनार्थिथों की संख्या साढ़े सत्रह लाख तक पहुंचने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि सभी यात्रियों के भोजन और रात्रि प्रवास का बेहतर इंतजाम किया जा रहा है।
एसडीएम अनिल कुमार शुक्ला ने बताया कि केदारनाथ यात्रा में जुलाई-अगस्त में कुछ ही दिन खराब मौसम के कारण यात्रा बंद थी, लेकिन दर्शन करने वाले श्रद्धालु नियमित रहे।

# लीलियम की खेती से काश्तकारों की आय बढ़ाने को कवायद शुरू

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले में उद्यान विभाग की ओर से लीलियम के उत्पादन से काश्तकारों की आय बढ़ाने की कवायद शुरू हो गई है।
जिलाधिकारी संदीप तिवारी के मार्गदर्शन में चमोली जनपद में फूलों की खेती के जरिए काश्तकारों की आय बढाने के लिए उद्यान विभाग ने जोरदार कवायद शुरू कर दी है। इसके तहत जिला योजना के माध्यम से विभाग ने इस वर्ष जनपद में बड़े पैमाने पर लीलियम की व्यावसायिक खेती करने का कार्य शुरू कर दिया गया है। विभाग की ओर से जिले में लीलियम के बल्ब वितरण का कार्य शुरू कर दिया है।



उद्यान विभाग की ओर से दशोली ब्लॉक के रौली, मंडल, बैरागना और कोटेश्वर गांव के 12 काश्तकारों को लीलियम के 24 हजार बल्ब का वितरित किए गए। मुख्य उद्यान अधिकारी नितेंद्र सिंह ने बताया कि चमोली जनपद में बीते दो वर्षों से विभाग की ओर से 16 काश्तकारों के साथ पायलट प्रोजेक्ट के तहत लीलियम का उत्पादन किया जा रहा है। इससे काश्तकारों की बेहतर आय प्राप्त हो रही है। जिलाधिकारी संदीप तिवारी के निर्देश पर इस वर्ष जनपद में लीलियम के उत्पादन को बढ़ाने की योजना बनाई गई है। इसके तहत जिला योजना के माध्यम से 19 लाख की धनराशि स्वीकृत की गई है।

ACTION INDIA
देहरादून, 10 अक्टूबर 2025
दैनिक एक्शन इंडिया
www.actionindialive.com

# स्वस्थ शरीर और अनुशासन ही राष्ट्र निर्माण का आधारः योगी आदित्यनाथ

- मुख्यमंत्री ने कहा, कभी बीमारू व माफिया राज्य अब खेलों से आत्मनिर्भर और सशक्त होगा नया उप्र
- झांसी में विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित 36वें क्षेत्रीय खेलकूद के समापन समारोह में शामिल हुए सीएम योगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**झांसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने झांसी की ऐतिहासिक धरती से प्रदेश के खिलाड़ियों को आत्मनिर्भरता और सफलता का मंत्र दिया। विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित 36वें क्षेत्रीय खेलकूद समारोह में पहुंचे सीएम योगी ने खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए कहा कि 'स्वस्थ शरीर ही धर्म और राष्ट्र निर्माण का आधार है'। इस अवसर पर उन्होंने भानी देवी गोयल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में मिनी स्टेडियम निर्माण की घोषणा की और कहा कि खेल अब केवल शौक नहीं, बल्कि जीवन को संवारने का सशक्त माध्यम बन चुका है। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के शौर्य और पराक्रम की धरती पर विद्या भारती के 36वें क्षेत्रीय खेलकूद समारोह में शामिल होना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। विद्या भारती देश में भारतीय परंपरा, संस्कृति और राष्ट्रीयता के प्रति श्रद्धा जगाने वाली अग्रणी संस्था है। 1952 में गोरखपुर में नानाजी देशमुख द्वारा स्थापित इस संस्था ने आज देशभर में 25,000 से अधिक शिक्षण-प्रशिक्षण केंद्रों के माध्यम से भारतीय मूल्यों को बढ़ावा दिया है। उन्होंने विद्या भारती के प्रथम छात्र देवेंद्र सिंह को सम्मानित करते हुए कहा कि यह संस्था बिना सरकारी सहयोग के राष्ट्रीय आदर्शों को जीवंत रखने में सफल रही है। उन्होंने कहा कि झांसी की यह धरती राष्ट्रीयता और शौर्य की प्रेरणा देती है। विद्या भारती के प्रयास देश को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।



## आज उत्तर प्रदेश के नागरिकों को पहचान का संकट नहीं

सीएम योगी ने खेल को सर्वांगीण विकास का माध्यम बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए स्वस्थ और सशक्त नागरिक जरूरी है। 'शरीर माध्यम खलु धर्म साधनम' का मंत्र हमारे ऋषियों ने दिया। 2017 से पहले उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य था, लेकिन पिछले 8.5 वर्षों में यह देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है और जल्द ही नंबर एक बनेगा। सीएम योगी ने कि आज उत्तर प्रदेश के नागरिकों को पहचान का संकट नहीं है। अब जब कोई कहता है कि वह यूपी से है, तो सामने वाले के चेहरे पर गर्व और सम्मान की चमक दिखती है। यह नया उत्तर प्रदेश है, जो अपनी विरासत का भी सम्मान करता है और विकास की राह पर भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं संचालित कर रही है। हर गांव में खेल मैदान, विकासखंड में मिनी स्टेडियम, जनपद में स्टेडियम और नगरों में ओपन जिम बनाए जा रहे हैं।

**सीएम योगी ने गिनाई विद्या भारती की उपलब्धियां**

सीएम योगी ने विद्या भारती की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि आज यह संस्था भारत की परंपरा और संस्कृति को मजबूत करने वाली अग्रणी शक्ति बन चुकी है। 1952 में गोरखपुर की धरती पर राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख द्वारा बोए गए बीज से आज देशभर में 25,000 से अधिक शिक्षण-प्रशिक्षण संस्थान संचालित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद देश में सेक्युलर दिखाने की होड़ ने भारतीय मूल्यों को हाशिए पर धकेला, लेकिन विद्या भारती ने बिना सरकारी सहयोग के गाँव से शहर और वनवासी क्षेत्रों तक शिक्षा का राष्ट्रीय मॉडल खड़ा किया।

**प्रदेश सरकार ने मेरठ में स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी स्थापित की**

सीएम योगी ने कहा कि आज इस वीरभूमि में पहुंचकर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। रानी लक्ष्मीबाई ने 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में मेरी झांसी गुलाम नहीं होगीह्व का संदेश दिया और 23 वर्ष की आयु में बलिदान दे दिया। मेजर ध्यानचंद ने हॉकी में भारत को दो बार ओलंपिक स्वर्ण पदक दिलाया। आज उनके नाम पर भारत सरकार ने खेल रत्न पुरस्कार और प्रदेश सरकार ने मेरठ में स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी स्थापित की है।

**सीएम योगी ने खेलों में विद्या भारती की गिनाई उपलब्धियां**

मुख्यमंत्री ने गर्व से बताया कि विद्या भारती के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन किया है। 2006 में स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने विद्या भारती को मान्यता दी।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कन्वेंशन सेंटर में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के लाभार्थियों को योजना के चेक प्रदान किए

## पंजाब में बब्बर खालसा के दो आतंकी गिरफ्तार, ढाई किलो आरडीएक्स

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने त्योहारी सीजन में बड़ी वारदात की योजना को विफल बनाते हुए बब्बर खालसा के दो आतंकियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से ढाई किलो आरडीएक्स बरामद किया गया है। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने गुरुवार को बताया कि पंजाब पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस टीम ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई समर्थित आतंकी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल के एक मॉड्यूल का भंडाफोड़ कर-के गुरजिंदर सिंह और दीवान सिंह को गिरफ्तार किया है। हैंडलर निशान और आदेश के जरिए संचालित हो रहा था, जिन्हें बीकेआई के मास्टरमाइंड हरविंदर सिंह रिंदा के निर्देश मिल रहे थे।

## भगवान श्रीकृष्ण की स्मृतियों को संजोने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगेः मुख्यमंत्री



- मुख्यमंत्री डॉ. यादव मथुरा से आरंभ श्रीकृष्ण गुरूकुल शिक्षा यात्रा के समापन कार्यक्रम में वर्चुअली हुए शामिल

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने श्रीकृष्ण गुरूकुल शिक्षा यात्रा में शामिल सभी संतों, तीर्थ पुरोहित महासंघ, धर्म यात्रा महासंघ और विश्व हिंदू परिषद का अभिनंदन करते हुए कहा कि आज उज्जैन एक अद्भुत क्षण का साक्षी बन रहा है। यात्रा में सम्मिलित सभी सहभागी उस मार्ग पर चलकर आए हैं, जिस पर हमारे आराध्य श्रीकृष्ण शिक्षा ग्रहण करने के लिए मथुरा से उज्जैन स्थित आचार्य सांदीपनी के आश्रम पधारे थे। संतगण को उस पावन मार्ग से गुजरने का अवसर मिला, जहां श्रीकृष्ण की चरणरज पड़ी थी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को मथुरा से आरंभ श्रीकृष्ण गुरूकुल शिक्षा यात्रा के उज्जैन में आयोजित समापन समारोह को राजधानी भोपाल स्थित मुख्यमंत्री निवास से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि मथुरा से 5 अक्टूबर को आरंभ हुई यात्रा जयपुर, कोटा, झालावाड़ और आगरा होते हुए उज्जैन पहुंची थी। उज्जैन के समापन कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद उमेशनाथ महाराज, विश्व हिन्दू परिषद के केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह, तीर्थ पुरोहित महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रयागनाथ चतुर्वेदी उपस्थित रहे।

**हमारी संस्कृति हमें समाज और सृष्टि के कल्याण के लिए जीना सिखाती है**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सांदीपनी आश्रम गुरू-शिष्य परम्परा की अनादि महिमा का साक्षात प्रतीक है। जहां हर कण में श्रीकृष्ण की विनम्रता, बलराम की शक्ति और सुदामा की भक्ति समाई हुई है।

सांदीपनी आश्रम में भगवान श्रीकृष्ण ने शिक्षा पाई और संसार को गीता का उपदेश देकर योगीराज बने। हमारी सनातन संस्कृति का परम ज्ञान परमार्थ है। हमारी संस्कृति हमें समाज और सृष्टि के कल्याण के लिए जीना सिखाती है। भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत उठाकर ग्रामवासियों की रक्षा की और कुरूक्षेत्र में अर्जुन को गीता के माध्यम से धर्म और कर्तव्य का मार्ग दिखाया।

## मुख्यमंत्री साय का हेलीपेड पर जनप्रतिनिधियों ने किया स्वागत



**टीम एक्शन इंडिया**

**कोरबा।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज गुरुवार को कोरबा जिले के प्रवास पर पहुंचे। मुख्यमंत्री का कटघोरा के मेला ग्राउंड हेलीपेड पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री साय का विधायक कटघोरा प्रेमचंद पटेल, आईजी संजीव शुक्ला, कलेक्टर अजीत वसंत, कटघोरा डीएफओ कुमार निशांत सहित अन्य अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया।

## अश्विनी वैष्णव ने किया ट्रेड शो और एग्जीबिशन का उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया**

**गांधीनगर।** केंद्रीय रेल व आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने गुरुवार को मेहसाणा में वाइब्रेंट गुजरात रीजनल कॉन्फ्रेंस (वीजीआरसी) समारोह से पूर्व वीजीआरसी के अंतर्गत आयोजित ट्रेड शो और एग्जीबिशन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर वित्त मंत्री कनुभाई दसाई, स्वास्थ्य मंत्री ऋषिकेशभाई पटेल तथा उद्योग मंत्री बलवंतसिंह राजपूत मौजूद रहे। राज्य सूचना विभाग ने अपने बयान में बताया कि केंद्रीय मंत्री, मुख्यमंत्री और अन्य गणमान्यों ने वीजीआरसी प्रदर्शनी का अवलोकन किया, जहां विभिन्न क्षेत्रों के उत्पादों, नवाचारों और टेक्नोलॉजी का प्रदर्शन किया गया है।



यह कार्यक्रम आत्मनिर्भर भारत, वोकल फॉर लोकल और टिकाऊ आर्थिक विकास के विजन को आगे बढ़ाने के लिए नवोन्मेषकों, उद्यमियों, निवेशकों, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई), स्टार्टअप्स, विदेशी खरीदारों, कई बड़ी कंपनियों, सरकारी विभागों, सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों और वैश्विक भागीदारों को एक साथ लाने का प्रयास है।

गौरतलब है कि लगभग 18 हजार वर्ग मीटर के विशाल प्रदर्शनी क्षेत्र में ट्रेड शो का भी आयोजन किया गया है, जिसमें कृषि और खाद्य प्रसंस्करण तथा नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े 400 से अधिक प्रदर्शक हिस्सा ले रहे हैं। इसके अलावा, टोरेन्ट, वेलस्पन, एनएचपीसी, एनटीपीसी, कोसोल, सुजलॉन, अवाडा, निरमा, आईएनओएक्स, अदानी, मारुति सुजुकी, पावरग्रिड कॉर्पोरेशन लिमिटेड और ओएनजीसी जैसी अग्रणी कॉर्पोरेट कंपनियां भी शामिल हैं। प्रदर्शनी के एक हिस्से के रूप में दूधसागर डेयरी, ओएनजीसी, वेस्टर्न रेलवे और मकेन फूड्स जैसे संस्थानों के साथ वेंडर डेवलपमेंट प्रोग्राम (वीडीपी) का आयोन किया जाएगा, जिसका उद्देश्य उद्योग संबंधों को मजबूत बनाने के साथ ही स्थानीय उद्योगों के विकास को बढ़ावा देना है।

## राजस्थान में केवल लूट और झूठ की सरकारः गहलोत

**जयपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार के कारण जल जीवन मिशन को फेल करने का आरोप लगाते हुए दावा किया कि राजस्थान में केवल लूट और झूठ की सरकार चल रही है। गहलोत ने जल जीवन मिशन के तहत जल कनेक्शनों की गिरावट को लेकर सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने 2024-25 के बजट में 25 लाख जल कनेक्शन जल जीवन मिशन के तहत देने की घोषणा की परन्तु केवल 9 लाख 44 हजार कनेक्शन ही दे सकी जो कांग्रेस सरकार द्वारा 2022-23 में लगाए गए 13 लाख 88 हजार व



2023-24 में लगाए गए 12 लाख 17 हजार से भी कम था। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर गुरुवार को पोस्ट करते हुए उन्होंने लिखा कि राजस्थान में केवल लूट और झूठ की सरकार चल रही है। बजट वर्ष 2025-26 में 20 लाख नल कनेक्शन देने की घोषणा की गई परन्तु आज इस बजट वर्ष के 6 महीने बीत जाने के बाद भी केवल 97 हजार कनेक्शन जारी किए जा सके हैं।

इस औसत से इस बजट वर्ष में केवल 2 लाख कनेक्शन जारी होंगे। यह भाजपा की झूठ उजागर करता है। पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि अब यह सामने आया है कि इस योजना को लागू कर रहे पीएचईडी विभाग के छह एडिशनल चीफ इंजिनियर, तीन सुप्रिटेंडेंट इंजिनियर, 17 एक्सईएन को केवल इसलिए लम्बे समय से एपीओ किया हुआ है और अपने चहेते अधिकारियों को डबल चार्ज दिया हुआ है।

इसकी वजह क्या है क्या भ्रष्टाचार की इस नीयत के कारण ही भाजपा सरकार में जल जीवन मिशन फेल हो रहा है गहलोत ने कहा, 11 अक्टूबर को जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल राजस्थान आ रहे हैं। उन्हें मुख्यमंत्री से पूछना चाहिए कि डबल इंजन सरकार में राजस्थान में जल जीवन मिशन की दुर्गति क्यों हो रही है।

## उप्र के फरुर्खाबाद में विमान दुर्घटनाग्रस्त, सभी बाल-बाल बचे

**फरुर्खाबाद।** उत्तर प्रदेश के फरुर्खाबाद जिले के मोहम्मदाबाद क्षेत्र में बनी हवाई पट्टी पर एक प्राइवेट चार्टर प्लेन उड़ान भरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में दो पायलट सहित पांच लोग सवार थे। सभी सुरक्षित हैं। मोहम्मदाबाद हवाई पट्टी पर प्राइवेट चार्टर प्लेन उड़ान भरते समय रनवे पर फिसल गया और पास की झाड़ियों में घुस गया। विमान मे एक बीयर कंपनी के एमडी अजय अरोड़ा, एसबीआई अधिकारी सुमित शर्मा, डीपीओ राकेश टीकू के अलावा पायलट कैप्टन नसीब वामल और प्रतीक फर्नांडीज सवार थे।

## सत्ता से बाहर होने पर सपा को याद आते हैं हमारे महापुरुष और पीडीएः मायावती

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने समाजवादी पार्टी (सपा) पर हमला बोलते हुए कहा कि जब ये सत्ता में रहते हैं तो हमारे संत, महापुरुष और पीडीए याद नहीं आते। सत्ता से बाहर होने पर उनके नाम का गुणगान करते संगोष्ठी और कार्यक्रम करने लगते हैं। बसपा प्रमुख ने गुरुवार को पार्टी संस्थापक कांशीराम की पुण्यतिथि पर लखनऊ में भारी संख्या में पहुंचे कार्यकताओं को सम्बोधित किया। इससे पहले उन्होंने कांशीराम के चरणों में पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।



बसपा प्रमुख ने कहा कि कांशीराम की पुण्यतिथि पर संगोष्ठ का ऐलान करने वाले इन समाजवादियों के दोहरे चरित्र से लोगों को सावधान रहना चाहिए। आज कांशीराम की पुण्यतिथि पर सपा के लोग संगोष्ठी करना चाहते हैं। जब वे सत्ता में रहते है तो न कांशीराम याद आते हैं न बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर। जब इनकी सरकार चली जाती है तो इन्हें पीडीए याद आ जाता है और हमारे संत-गुरुओं की संगोष्ठी करने लग जाते हैं। मायातवी ने कहा कि सपा ने ना केवल कांशीराम जी के जीते-जी उनके पार्टी के साथ दगा करके उनके मूवमेन्ट को यूपी में कमजोर करने की लगातार कोशिशें कीं हैं। बल्कि बसपा सरकार में कासगंज को ज़िला मुख्यालय का दर्जा देकर कांशीराम नगर के नाम से बनाये गये नये ज़िला के नाम को भी जातिवादी सोच व राजनीतिक द्वेष के कारण बदल दिया।

## मुख्यमंत्री शर्मा से महाराष्ट्र के प्रवासी राजस्थानियों ने की मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास पर महाराष्ट्र से आए राजस्थान प्रकोष्ठ के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने राजस्थान एवं महाराष्ट्र के मध्य सामाजिक एवं आर्थिक एक्सचेंज प्रोग्राम सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में निवेश की अपार संभावनाएं हैं। राज्य में प्रचुर मात्रा में सौर ऊर्जा, खनिज सम्पदा का भंडार, बिजली-पानी की पर्याप्त उपलब्धता और निवेश अनुकूल नीतियां है।

उन्होंने प्रवासी राजस्थानियों से



इस निवेश-परक वातावरण का लाभ उठाते हुए प्रदेश में अधिक से अधिक निवेश की अपील की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार निवेशकों को उद्यम स्थापित करने में हरसंभव मदद करेगी। इस दौरान श्री शर्मा ने आगामी 10 दिसम्बर को प्रस्तावित प्रवासी राजस्थानी दिवस के लिए प्रवासी राजस्थानियों को आमंत्रित किया। इस अवसर पर राजस्थान प्रकोष्ठ के अध्यक्ष संजय मंत्री, नंदकिशोर मालपानी सहित विभिन्न प्रवासी राजस्थानी मौजूद रहे।

## अयोध्या में सीतारमण ने परिवार संग उतारी रामलला की आरती

**टीम एक्शन इंडिया**

**अयोध्या।** भारत की सांस्कृतिक राजधानी कही जाने वाली प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या में गुरुवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने परिवार संग प्रभु रामलला के दर्शन कर आरती उतारी। केंद्रीय मंत्री ने श्रीराम दरबार परिसर में स्थित मां दुर्गा के दर्शन और कुबेर टीला पर देवाधिदेव महादेव का पूजन और जलाभिषेक किया। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बुधवार को दो दिवसीय दौरे पर परिवार संग उत्तर प्रदेश में श्रीराम की नगरी अयोध्या पहुंची हैं। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से केंद्रीय वित्त मंत्री का पुष्पगुच्छ देकर अभिवादन किया गया। तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चम्पत राय ने केंद्रीय वित्त मंत्री को मंदिर परिसर का भ्रमण कराया और निर्माण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। निर्मला सीतारमण ने मंदिर के भव्य स्वरूप को देखकर आस्था और गर्व की भावना व्यक्त की। इस दौरान मंदिर परिसर की सुरक्षा, दर्शन व्यवस्था और विकास योजनाओं पर भी चर्चा हुई।



**आध्यात्मिक तेज में डूबीं वित्त मंत्रीः** आरती के दौरान श्रीरामलला का दरबार भक्ति रस से सराबोर हो उठा। सरयू तट से आती मंद बयार और मंदिर प्रांगण में गूंजते भजनों ने वातावरण को और भी पवित्र बना दिया। वित्त मंत्री ने दीप प्रज्वलन के बाद आरती में शामिल श्रद्धालुओं के साथ 'जय श्रीराम' का उद्घोष किया।

**अयोध्या का गौरव बना विश्व का आध्यात्मिक केंद्रः** अयोध्या अब केवल एक नगर नहीं, बल्कि

- केंद्रीय मंत्री ने श्रीराम दरबार, मां दुर्गा के दर्शन कर महादेव का जलाभिषेक
- ट्रस्ट के महामंत्री चम्पत राय ने परिसर भ्रमण कराने के दौरान दी जानकारी

भारत की आस्था, संस्कृति और सभ्यता का जीवंत प्रतीक बन चुकी है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण पूरा होने के बाद से देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार वृद्धि हुई है। यहां आने वाले हर श्रद्धालु को रामायणकालीन इतिहास और आधुनिक भव्यता का संगम देखने को मिलता है।

# नगर निगम ने 3 सम्पत्ति कर डिफाल्टरों की सम्पत्तियां की सील: डा. वैशाली शर्मा

**कार्रवाई**

- एक ने सीलिंग के बाद भरा टैक्स कुर्की कार्रवाई से पूर्व 3 सम्पत्ति मालिकों ने जमा करवाए 2 लाख



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** सम्पत्ति कर डिफाल्टरों के विरूद्ध नगर निगम करनाल ने एक और बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। गुरूवार को शहर की 8 वाणिज्यिक सम्पत्तियों पर कार्रवाई के लिए प्रवर्तन दल पहुंचा। इन सम्पत्तियों पर करीब 27 लाख 72 हजार रुपये का सम्पत्ति कर लंबे समय से बकाया चला आ रहा था, जिस कारण यह डिफाल्टर की श्रेणी में थे। यह जानकारी नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने दी।

कार्रवाई की जानकारी देते उन्होंने बताया कि गुरूवार को 11 सम्पत्तियों को अटैच करने की कार्रवाई की जानी थी। इनमें से 3 सम्पत्तियों को सील कर अटैच कर लिया गया। इनमें एक सम्पत्ति दयानंद कॉलोनी तथा 2 सेक्टर-3 एच.एस.आई.आई.डी.सी. की हैं। कार्रवाई आगे बढ़ी तो 3 ने मौके पर ही करीब 4 लाख 69 हजार रुपये सम्पत्ति कर भर दिया। इसके अतिरिक्त 2 सम्पत्ति मालिकों द्वारा अंडरटेंकिंग देकर सम्पत्ति कर जमा करवाने के लिए 2 से 7 दिनों की मोहलत मांगी गई। अगर दिए गए समय में यह टैक्स जमा नहीं करवाएंगे, तो उनकी सम्पत्ति की कुर्की कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि 3 बकायादारों ने कुर्की की कार्रवाई शुरू होने से पूर्व ही 2 लाख 30 हजार रुपये सम्पत्ति कर अदा कर दिया, जिससे वह कार्रवाई से बच गए।

इन सम्पत्तियों को किया कुर्क- कार्रवाई के दौरान 3 डिफाल्टर सम्पत्तियों पर कुर्की की कार्रवाई की गई है। इनमें दयानंद कॉलोनी स्थित एलीगेंट डिजाईन सम्पत्ति कर 1 लाख 31 हजार रुपये, सेक्टर-3 एच.एस.आई.आई.डी.सी. में 254 नम्बर इंडस्ट्री सम्पत्ति कर 1 लाख 77 हजार रुपये तथा यहीं की ही 110 नम्बर इंडस्ट्री सम्पत्ति कर 2 लाख 44 हजार रुपये है, इन तीनों सम्पत्तियों को सील किया गया है। इन सम्पत्तियों को हरियाणा नगर निगम अधिनियम 1994 की धारा 130 के तहत अटैच किया गया है।

इन सम्पत्ति मालिकों ने मौके पर जमा करवाया प्रॉपर्टी टैक्स- अटैचमेंट कार्रवाई के दौरान 3 सम्पत्ति मालिकों ने मौके पर सम्पत्ति कर जमा करवाया है। इनमें अल्फा सिटी स्थित आई.एन.आर. प्रॉपर्टीज सम्पत्ति कर 2 लाख 31 हजार रुपये, सेक्टर-3 एच.एस.आई.आई.डी.सी. स्थित 167 नम्बर पारस फीड इंडस्ट्री ने 1 लाख 4 हजार रुपये तथा न्यू बहादुर चंद कॉलोनी स्थित 788 नम्बर प्रॉपर्टी मालिक ने 1 लाख 34 हजार रुपये मौके पर ही सम्पत्ति कर जमा करवाया है। इस बीच दयानंद कॉलोनी स्थित एलीगेंट डिजाईन के सम्पत्ति मालिक द्वारा सील होने के पश्चात करीब 1 लाख 31 हजार रुपये सम्पत्ति कर जमा करवा दिया गया।

नोटिस के बावजूद भी नहीं किया गौर- उन्होंने बताया कि सम्पत्ति कर एकत्र करने को लेकर उपरोक्त सभी सम्पत्ति मालिकों को 3-3 नोटिस जारी किए गए थे। इसके बाद इन्हें व्यक्तिगत तौर पर जाकर अटैचमेंट का नोटिस भी जारी किया गया था, परंतु सम्पत्ति मालिकों के द्वारा इसे गम्भीरता से नहीं लिया गया, जिसके चलते अटैचमेंट की कार्रवाई गई।

# आपदा से ढंग से निपटने के लिए युवाओं को होना चाहिए सजग और प्रशिक्षित

**प्रशिक्षण**

- विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन का दिया गया प्रशिक्षण, छात्र-छात्राओं ने दिखाया उत्साह



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत, 09 अक्टूबर** । पूर्ण मूर्ति कैंपस, कामी रोड में विद्यार्थियों को अग्नि सुरक्षा और आपदा प्रबंधन का विशेष प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने पूरा उत्साह दिखाया । इस अवसर पर विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन, अग्नि सुरक्षा और व्यावहारिक सुरक्षा विषयों पर मॉक ड्रिल के माध्यम से विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। विद्यार्थियों को भवनों में स्थापित अग्नि सुरक्षा उपकरणों की जानकारी देकर उनकी कार्यप्रणाली समझाई गई। पूर्ण मूर्ति कैंपस के चेयरमैन डा. विजयपाल नैन व डायरेक्टर एकेडेमिक्स डा.स्वीटी ने एकदिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया। डा.विजयपाल नैन ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में अग्नि सुरक्षा व आपदा प्रबंधन को लेकर जागरूकता फैलाना है। किसी भी प्राकृतिक या मानव जनित आपदा से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए समाज का हर व्यक्ति सजग और प्रशिक्षित होना चाहिए। इससे आग लगने पर लोगों को निकालने में होने वाली घबराहट और अनिश्चितता को दूर करने में मदद मिलती है।

चेयरमैन डा. विजयपाल नैन ने कहा कि हर घर, स्कूल, कॉलेज व दफ्तर में विशेषकर बिजली मीटर के आसपास एक अग्निशामक यंत्र अवश्य होना चाहिए। यह एक सरल लेकिन प्रभावशाली उपाय है जो किसी भी आकस्मिक आगजनी की स्थिति में जान-माल की सुरक्षा कर सकता है। कई घटनाओं में देखा गया है कि अधिक लोड पड़ने पर बिजली मीटर या वायरिंग में चिंगारी उत्पन्न होती है जो आग का रूप ले सकती है। यह स्थिति तब और भी गंभीर हो जाती है जब वायरिंग घटिया क्वालिटी की होती है या अनधिकृत ढंग से की गई होती है।

डायरेक्टर एकेडेमिक्स डा.स्वीटी ने बताया कि फायर फाइटिंग सिविल व इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग से जुड़ा क्षेत्र है। मसलन आग बुझाने के यंत्रों की तकनीकी जानकारी, स्प्रिंकलर सिस्टम, अलार्म, पानी की बौछार का सबसे सटीक इस्तेमाल, कम से कम समय और कम से कम संसाधनों में ज्यादा से ज्यादा जान और काम की रक्षा करना उसका उद्देश्य होता है।

# आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत की नींव है स्वदेशी: प्रवीण लाठर



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** आज भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर की अध्यक्षता में भाजपा जिला कार्यालय कर्ण कमल में मोदी जी के ड्रीम प्रोजेक्ट मन की बात कार्यक्रम एवं आत्मनिर्भर भारत अभियान कार्यक्रम को लेकर एक बैठक हुई जिसमें भाजपा के जिला के सभी मंडल अध्यक्ष एवं ग्रीवेंस कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।

जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों को मन की बात कार्यक्रम एवं आत्मनिर्भर भारत अभियान में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी को लेकर विचार विमर्श करते हुए इन कार्यक्रमों के सफल आयोजन हेतु दिशा-निर्देश दिए।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि यह हमारी जिम्मेदारी है कि जिला करनाल देश भर व हरियाणा में मन की बात कार्यक्रम में पहले की तरह नंबर एक पर आए। उन्होंने कहा कि इसके लिए हमें और कुछ नहीं, सिर्फ बूथों पर फोकस करना है और हर बूथ पर अधिक से अधिक लोगों को जोड? का काम करना है।

उन्होंने आत्मनिर्भर भारत अभियान के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि स्वदेशी केवल एक नारा नहींए बल्कि आत्मनिर्भर और विकसित भारत की नींव है। यह प्राचीन काल से सनातन संस्कृति की हमारी जीवन पद्धति है। उन्होंने सभी को आह्वान किया कि इस त्योहारी सीजन में स्वदेशी को प्राथमिकता देने का संकल्प लें। सभी लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मेक इन इंडिया, मेक फार द वर्ल्ड के मूलमंत्र को अपनाएं और इसे आत्मसात करें और स्वदेशी को बढ़ावा देने के लिए खूब प्रचार प्रसार करें।

# शुद्धि का प्रतीक बना लोटा नमक : डा. अशोक वर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह के दिशानिर्देशों एवं मार्गदर्शन में हरियाणाभर में नशे के विरुद्ध एक आंदोलन चलाया गया है। अपराधियों की धरपकड़ के साथ साथ नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम विशेष रूप से शुद्धि का प्रतीक-लोटा नमक अभियान लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भौरिया और पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा के नेतृत्व में नशे के विरुद्ध प्रतिदिन कठोरता से कार्रवाई की जा रही है। पुलिस उपाधीक्षक गजेंद्र सिंह नशे के विरुद्ध जागरूकता अभियान के पर्यवेक्षक हैं।

ब्यूरो द्वारा जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी के रूप में नियुक्त पुलिस उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा साइकिल यात्रा के साथ लोटा नमक लेकर गांव-गांव में लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करते हैं।

# हकेंवि करेगा महेंद्रगढ़ जिले में आयोजित होने वाली विकसित भारत युवा संसद की मेजबानी



**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** भारत सरकार के युवा मामले व खेल मंत्रालय ने जिला महेंद्रगढ़ में आयोजित होने वाली विकसित भारत युवा संसद की जिम्मेदारी हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय को सौंपी है। विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई इस प्रतियोगिता का संयोजन करेगी। इस प्रतियोगिता में महेंद्रगढ़ जिले के 18 से 25 वर्ष आयु के युवा प्रतिभागिता कर सकेंगे। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने अपने संदेश में विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भागीदारी महत्त्वपूर्ण बताया। विश्वविद्यालय में एनएसएस इकाई संयोजक डॉ. प्रदीप कुमार ने बताया कि यह प्रतियोगिता आपातकाल के 50 वर्ष भारतीय लोकतंत्र के लिए सीख विषय पर आयोजित की जाएगी। प्रत्येक प्रतिभागी को विषय पर भाषण के लिए तीन मिनट का समय दिया जाएगा। निर्णायक मंडल के चार सदस्यों द्वारा इसका मूल्यांकन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के पहले चरण में महेंद्रगढ़ जिले से कुल 10 प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा। दूसरे चरण में जिला स्तरीय राउंड से चयनित युवा राज्य स्तरीय राउंड में हिस्सा लेंगे। तीसरे चरण व अंतिम चरण में राज्य स्तर के शीर्ष फाइनलिस्टों को विकसित भारत युवा संसद के समापन में प्रतिभागिता का अवसर मिलेगा।

## न्यूज फ्लैश

### कृषि के परिवेश को संगठित करने के लिए राष्ट्रीय फोरम एग्रीकॉन शुरू हुआ

**नई दिल्ली।** कृषि भारत की अर्थव्यवस्था की नींव है। लेकिन फिर भी कृषि क्षेत्र के बारे में होने वाली बातचीत काफी बिखरी हुई है। एक जगह कृषि में टेक्नोलॉजी के बारे में बात होती है, तो किसी दूसरी जगह फाईनेंस, वहीं नीतियों की चर्चा कहीं और होती है। इन सभी वाताओं को संगठित करने के उद्देश्य से मेसे मुंशेन ने सोमवार को एग्रीकॉन इंडिया का लॉन्च किया। यह 16 दिसंबर से 18 दिसंबर 2026 के बीच आयोजित होने वाला एक राष्ट्रीय ट्रेड फेयर है। इसका आयोजन ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में होगा। एग्रीकॉन इंडिया एक राष्ट्रीय संगोष्ठी केंद्र के रूप में काम करेगा, जहाँ संपूर्ण कृषि क्षेत्र के हितधारक एक जगह एकत्रित होंगे। इनमें नीतिनिमार्ताओं से लेकर शोधकर्ता, किसान और इनोवेटर्स शामिल होंगे। एग्रीकॉन इंडिया का उद्देश्य है, भारत में कृषि क्षेत्र में संपर्क में परिवर्तन लाना, सहयोग करना और व्यापक रूप से विस्तार संभव बनाना। एग्रीकॉन इंडिया का लक्ष्य एक इंटीग्रेटेड परिवेश का निर्माण करना है, जहाँ वाताओं को ठोस रूप देते हुए कार्ययोग्य साझेदारियाँ की जा सकें।

बातचीत की संचालन डॉ. तरुण श्रीधर, डायरेक्टर जनरल, इंडियन चैंबर ऑफ फूड एंड एग्रीकल्चर (आईसीएफए), पूर्व सचिव, फिशरीज, एनिमाल हस्बैंड्री और डेयरी मंत्रालय ने कहा, हमारे लाखों किसानों की कड़ी मेहनत, प्रतिबद्धता और समर्पण के चलते हम दुनिया के सामने कृषि और फूड के क्षेत्र में सुपरपॉवर बनकर उभर रहे हैं। हमारे यहाँ कई किसान छोटे और सीमांत किसान हैं, जिनकी उत्पादकता बहुत कम है, इसलिए उन्हें उत्पाद का पर्याप्त रिटर्न नहीं मिल पाता है। अब हमारा सफर खाद्य सुरक्षा से पोषण सुरक्षा की ओर, उत्पादन से उत्पादकता की ओर तथा मात्रा से मूल्य की ओर होना चाहिए, ताकि कृषि सभी के लिए आशा और पसंद का व्यवसाय बन सके। एग्रीकॉन इंडिया 2026 का उद्देश्य एक ऐसे मंच का निर्माण करना होना चाहिए, जो कृषि समुदाय और कृषि वैज्ञानिकों को साथ लेकर आए ताकि इस क्षेत्र में हो रही क्रांति आगे बढ़ सके।

एग्रीकॉन इंडिया के उद्देश्यों में शामिल हैं:

टेक्नोलॉजी, नीति, फाईनेंस और जमीनी स्तर पर खेती की जरूरतों के बीच अंतर को दूर करना।

खेती की उत्पादकता और मजबूती बढ़ाने के लिए इनोवेशन अपनाने में तेजी लाना।

कृषि उत्पादकों और उद्यमों के लिए घरेलू और विदेशी बाजार खोलना।

संस्थानों, शिक्षा जगत और किसान नेटवर्क के बीच ज्ञान का आदान-प्रदान संभव बनाना।

### जिला में पटाखों की बिक्री, भंडारण व प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबंध

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिलाधीश उत्तम सिंह ने जिला में बढ़ते वायु प्रदूषण के गंभीर खतरे को देखते हुए सभी प्रकार के पटाखों के निर्माण, भंडारण, बिक्री (ऑनलाइन मार्केटिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से वितरण सहित), फोड? और उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए हैं।

यह आदेश वायु गुणवत्ता के खराब होने और स्वास्थ्य पर पड? वाले प्रतिकूल प्रभावों को ध्यान में रखते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163, विस्फोटक अधिनियम, 1884 और अन्य सक्षम शक्तियों के तहत जारी किए गए हैं। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होंगे।

उन्होंने बताया कि सर्दियों के दौरान पार्टिकुलेट मैटर्स (पीएम 2.5 और पीएम 10) का स्तर राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता मानकों (एनएएक्यूएस) 2009 से काफी अधिक हो जाता है, जो बच्चों, बुजुर्गों और श्वसन-हृदय रोग से ग्रस्त लोगों जैसे कमजोर वर्गों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा करता है।जारी आदेशों के अनुसार पुलिस अधीक्षक, नगर निगम, सभी एसडीएम, तहसीलदार, बीडीओ और अन्य संबंधित अधिकारी जिला में इन आदेशों की अनुपालना सुनिश्चित करेंगे।

# समाधान शिविर में एसडीएम राजेश खोथ ने सुनी जन समस्याएं



**हांसी( दिनकर गावड़ी):झ** वीरवार को स्थानीय संयुक्त कार्यालय परिसर में आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम राजेश खोथ ने जन समस्याएं सुनी और संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए।

समाधान शिविर में डाटा गांव के नागरिकों ने गली के बीच लगे ट्रांसफार्मर को शिफ्ट करवाने तथा लाइनमैन की ड्यूटी लगवाने को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया। एसडीएम राजेश खोथ ने दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह यह दोनों काम शीघ्र पूर्ण कर रिपोर्ट भिजवाना सुनिश्चित करें।

समाधान शिविर में परिवार पहचान पत्र में आय कम करवाने, राशन कार्ड बनवाने, बुढ़ापा पेंशन बनवाने, आधार कार्ड में त्रुटि ठीक करवाने इत्यादि को लेकर प्रस्तुत शिकायतों के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन सभी शिकायतों का निवारण त्वरित आधार पर करें। कई शिकायतों का समाधान मौके पर ही कर दिया गया। समाधान शिविर में तहसीलदार अनिल कुमार बिढान भी मौजूद रहे।

# आईएमए प्रेसिडेंट डॉ. दीपक ने 40 टीबी मरीजों को लिया गोद

**संक्रामक रोग**

- वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ.नीरू ने बताया कि टी.बी. एक संक्रामक रोग है



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** उप-सिविल सर्जन (टीबी) डॉ.सिम्मी कपूर ने बताया कि सिविल सर्जन डॉ. पूनम चौधरी के मार्गदर्शन में आईएमए प्रेसिडेंट डॉ.दीपक प्रकाश ने वीरवार को सेक्टर-13 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के 40 टीबी के मरीजों को गोद लिया तथा उन्हें पोषण सामग्री वितरित की।

उन्होंने बताया कि इस समय जिला में टीबी के 2700 मरीजों का इलाज चल रहा है जिनको गोद लेकर प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ वितरित किये जाने हैं, जिसके लिए समाजसेवी संस्थाओं से अपील है कि वह इस मुहीम में अपना योगदान दें, ताकि टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को पूरा किया जा सके।

उप-सिविल सर्जन (टीबी) ने अपील की कि यदि किसी व्यक्ति में टीबी के लक्षण पाए जाते हैं तो वह नजदीक स्वास्थ्य केन्द्र पर जाकर जांच व इलाज करवाएं। सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर टीबी से संबंधित जांच व इलाज मुफ्त में किया जाता है। इसके लिए मरीजों को जागरूक करना बहुत आवश्यक है।

उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा टीबी को नोटि फाइबल डिजीज घोषित किया गया हैए जिसके अंतर्गत सभी प्राइवेट अस्पतालोंध्क्लीनिक एवं लैब को टीबी के केसिज को रिपोर्ट करना आवश्यक है।

इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग करनाल से डॉ. नीरू वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, डॉ क्रांति चिकित्सा अधिकारी, डा. पुनीत डैन्टल सर्जन व अन्य स्टाफ मौजूद थे।

वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ.नीरू ने बताया कि टीण्बीण एक संक्रामक रोग है, जो शरीर के किसी भी अंग में हो सकती है। मगर मुख्यतः यह फेफड़ों को प्रभावित करती है। यह संक्रमित व्यक्ति के खांसने-छींकने एवं थूकने से फैलती है। यदि समय पर जांच एवं ईलाज शुरू न किया जाये तो एक टीबी का मरीज 10-15 व्यक्तियों को टीबी की बीमारी दे सकता है। भारत सरकार द्वारा टीबी उन्मूलन के लिए वर्ष 2025 का लक्ष्य निर्धारित किया गया है व उनके द्वारा टीबी मरीजों के लिए प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ की महत्ता को भी बताया गया।

उन्होंने बताया कि जिला में नौ क्षय रोग केन्द्र हैं तथा 23 जगह बलगम के जांच केन्द्र हैं, जहां पर मरीजों के बलगम की निशुल्क जांच की जाती है। भारत सरकार द्वारा निक्षय पोषण योजना के अन्तर्गत टीबी मरीजों को पोषण हेतु एक हजार रुपये प्रति माह देने का प्रावधान किया गया है। एनटीईपी के अन्तर्गत नये टीबी मरीजों की सूचना देने तथा उनकी बलगम की जांच करवाने उपरान्त टीबी पाये जाने पर सूचना देने वाले को पांच सौ रुपये प्रति मरीज देने का प्रावधान है ।

# रेडक्रॉस ने प्रभावित जिलों में राहत सामग्री भेजकर तैयारी का प्रदर्शन किया : घोष



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** हरियाणा के राज्यपाल एवं भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी राज्य शाखा के अध्यक्ष प्रोफेसर असीम कुमार घोष ने हाल ही में आई बाढ़ और बारिश की आपात स्थितियों के दौरान राज्य शाखा द्वारा त्वरित और समनिवत गति से आपदा प्रतिक्रिया और राहत प्रयासों की सराहना की।

उन्होंने राजभवन में एक समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य रेडक्रॉस ने प्रभावित जिलों में राहत सामग्री शीघ्रता से भेजकर अनुकरणीय तैयारी का प्रदर्शन किया है।

उन्होंने बताया कि आईएएस डीके बेहरा ने बैठक की कार्यवाही का संचालन किया और भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी हरियाणा राज्य शाखा को बेहतर संचालन के लिए सुझाव साझा किए। उन्होंने सभी जिला सचिवों को कहा कि अपने-अपने उपायुक्तों से संपर्क कर पंचायत फंड और अन्य इनकम सोर्सेस बढ़ाने की कोशिश करें, ताकि मानव कल्याण के लिए चलाई जा रही गतिविधियों को और बढ़ा सके।

राज्यपाल ने समिति के तत्कालिक फोकस के लिए व्यावहारिक रूपरेखा प्रस्तुत की जैसे कि स्वयंसेवकों के प्रशिक्षण बढ़ाने के लिए एक अल्पकालिक योजना तैयार करना। प्रोफेसर घोष ने रेड क्रॉस द्वारा स्थानीय तत्परता और राष्ट्रीय स्तर की भावनाओं को मूर्त रूप देने पर जोर देते हुए कहा कि इसकी मुख्य सेवाएं रक्त सेवाएं, प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण, सामुदायिक उपचार प्रशिक्षण और कमजोर लोगों की देखभाल आज भी उतनी ही प्रासंगिक है, जितनी पहले थी।

उन्होंने कहा कि सिर्फ प्रासंगिकता ही काफी नहीं है, हमें अपने तरीकों का निरंतर आधुनिकरण करना होगा।

उन्होंने जिला से आए सभी सचिवों को आश्वासन दिया कि राजभवन ऐसे मानव कल्याण के कार्यों को भावना और सक्रिय सहयोग के माध्यम से समर्थन देना जारी रखेगा।

रेड क्रॉस सोसाइटी राज्य शाखा के उपाध्यक्ष अंकुश मिगलानी ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया और उन्होंने अधिक आजीवन सदस्यों को नामांकित करने और रेडक्रॉस गतिविधियों के प्रचार-प्रसार को बढ़ाने पर बल दिया।महासचिव महेश जोशी ने समीक्षा बैठक में आए सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया और जिला सचिवों से आग्रह किया कि रेडक्रॉस की गतिविधियों को निर्धारित नियमों और प्रतिक्रियाओं के अनुसार शक्ति से संचालित करें। इस अवसर पर राज्य मुख्यालय के अधिकारी सभी जिला सचिव और हरियाणा राज भवन के अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रदेश सरकार चहुंमुखी विकास के पथ पर अग्रसर : जगमोहन आनंद

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** विधायक जगमोहन आनंद के विधायक बनने व सरकार के एक वर्ष सफलतापूर्वक पूरा होने के अवसर पर वीरवार को उनके सेक्टर-13 कैंप कार्यालय में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों और कार्यकताओं ने बड़ी संख्या में पहुंचकर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं।

विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व में चहुंमुखी विकास कर रही है। प्रदेश में विकास के मामले में किसी भी क्षेत्र में कोई कमी नहीं छोड़ी जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है कि विकास का लाभ पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के सहयोग से प्रदेश में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की गई हैं

जिनका सीधा लाभ आमजन तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि यदि करनाल विधानसभा क्षेत्र में किसी व्यक्ति को कोई समस्या अथवा शिकायत हो तो उनके कैंप कार्यालय सेक्टर-13 में स्वयं आकर उनसे मिल सकता है। समस्या अथवा शिकायत का समाधान किया जाएगा।

जन कल्याणकारी योजनाओं से आमजन को लाभ

विधायक जगमोहन आनंद ने बताया कि सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, कृषि और बुनियादी ढांचे के विकास पर विशेष ध्यान केंद्रित किया है। उन्होंने आमजन से अपील की कि सरकार द्वारा चलाई जा रही इन योजनाओं अधिक से अधिक लाभ उठाएं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में प्रदेश विकास और प्रगति के नए आयाम स्थापित करेगा।



## दूर का दिखाने वाली दूरबीन

चिड़िया देखना हो या फिर तारे। एक दूरबीन से दो काम बहुत अच्छे से हो सकते हैं। अपनी पॉकेट मनी बचाकर अगर ऐसी कोई चीज खरीदते हो तो वह जिंदगीभर काम आएगी। दूरबीन दूर की दुनिया को तुम्हारे पास ले आएगी। जाड़े के दिनों में तो प्रकृति को, पंछियों और तारों को दूरबीन से घंटों देखा जा सकता है। कौन जाने, एक दूरबीन तुममें भी वैसी ही कुछ रुचि पैदा कर दे या फिर गैलीलियो की तरह तुम भी अपनी दूरबीन के कारण अपने दोस्तों में पहचाने जाओ। जन्मदिन पर तुम पापा-मम्मी से कोई बड़ी चीज माँगने के बजाय दूरबीन की जिद भी कर सकते हो। उन्हें भी दूरबीन दिलाने में कोई परेशानी नहीं होगी। दूरबीन से देखने पर नई दुनिया खुल जाती है। दूर की कौड़ी को पास लाने वाली दूरबीन अगर तुम्हारी दोस्त बन जाए तो क्या बात है। तो ले आओ दूर की चीजों को पास, एक दूरबीन के साथ।



## साँप-सीढ़ी खेल की शुरुआत किस देश में हुई?

बच्चों के पसंदीदा इस खेल की शुरुआत प्राचीन भारत में हुई है। पहले इसे मोक्षपत और मोक्षपतामु कहा जाता था। इसकी शुरुआत कब हुई इसका ठीक-ठीक समय तो पता नहीं पर माना जाता है यह खेल ईसा के जन्म के भी दो सौ सालों पहले से खेला जा रहा है। कुछ इतिहासकारों का मानना है कि ईसा के 1300 साल बाद संत ज्ञानदेव ने इसकी शुरुआत की। इस खेल के जरिए बच्चों को यह सिखाया जाता था कि अगर वे अच्छा काम करते हैं तो वे आगे बढ़ेंगे। भारत में जो खेल चलता था उसमें साँप के मुकाबले सीढ़ियों की संख्या कम होती थी। फिर यह खेल इंग्लैंड पहुँचा और वहाँ कुछ बदलाव के साथ यह स्नेक एंड लेडर्स के तौर पर पहचाना जाने लगा। यहाँ से खेल में जितने साँप हो गए उतनी ही सीढ़ियाँ हो गई। 1943 से यह खेल अमेरिका में भी खेला जाने लगा।

## कैटरपिलर

कैटरपिलर का मतलब इल्ली होता है। जितनी भी तितलियाँ या मोथ हैं सभी के अंडे से पहले इल्ली बनती है। धीरे-धीरे यह कैटरपिलर बड़ी होती है और बटरफ्लाय में चेंज हो जाती है। कैटरपिलर में स्पेशल ग्लैंड होती है जिसकी सिकरिशन से वे सिल्क बनाती हैं। कैटरपिलर के सिर पर 12 छोटी-छोटी आँखें होती हैं जिसे 'ओसिली' कहा जाता है। इसके सिर पर दो जोड़ी जबड़े भी जुड़े रहते हैं, जो मेंडीबल्स कहलाते हैं।
इसकी स्किन स्ट्रेचेबल नहीं होती है इसलिए जैसे ही इसका साइज बढ़ता है इसकी स्किन टूटती जाती है। कैटरपिलर के आगे के तीन जोड़ी पैर को थोरेसिक लेग कहा जाता है और ये चलने और पकड़ने का काम करते हैं। इसकी बॉडी 13 सेगमेंट में बँटी हुई होती है। सभी इंसेक्ट की तरह यह भी शरीर पर मौजूद छेदों से साँस लेते हैं। इन छेदों को स्पाइरेकल कहा जाता है। इसके पीछे के पैरों को प्रोलेग कहा जाता है। इन पैरों से वह पौधों की डालियों को पकड़ने का काम करता है।
ज्यादातर कैटरपिलर का कलर हरा होता है ताकि वे आसानी से पत्तियों में छुपे रहें। इनका मुख्य खाना ही पत्तियाँ होती हैं। लेकिन कुछ कैटरपिलर बहुत सुंदर होते हैं। जैसे कैबेज व व्हाइट कैटरपिलर पर बहुत ही सुंदर स्पाट होते हैं। टाइगर मोथ एकदम लाल रंग का होता है। पस मॉथ का शेप एकदम अलग ढंग का होता है। एम्प्ररर मॉथ हरे रंग का बहुत सुंदर कैटरपिलर होता है। वैसे तो मॉथ के सभी कैटरपिलर सिल्क बनाते हैं, लेकिन जो सबसे अच्छी क्वालिटी का सिल्क देता है उसे सिल्क वर्म कहा जाता है।





# आलसी जानवरों की दुनिया

**दोस्तों, तुम 6-8 घंटे जरूर सोते होगे, जिसके बाद फ्रेश होकर अपने काम में जुट जाते होगे। तुमने अपने पेट्स और आसपास रहने वाले जानवरों को भी रात भर सोते हुए देखा होगा। यही नहीं, अगर मौका मिले तो वे दिन में भी सो जाते हैं, ऊंघते रहते हैं या आलसी बनकर पड़े रहते हैं। लेकिन क्या तुम दुनिया के ऐसे जानवरों के बारे में जानते हो, जो पूरे दिन का 60-80 प्रतिशत से भी अधिक समय सोने में खर्च करते हैं। यानी कई जानवर दिन भर में 16-22 घंटे सोते रहते हैं। इनमें कुछेक को छोड़ कर सभी आलसी होते हैं। वे खाते-पीते हैं और अपने जरूरी काम धीरे-धीरे निपटाकर दोबारा सो जाते हैं। तुम ऐसे जानवरों को लेजी, सोतूराम या आलसीराम नहीं कहोगे क्या? लेकिन ऐसा कर ये जानवर एक तो शिकारियों से अपना बचाव करते हैं, साथ ही लंबे समय तक अपनी एनर्जी भी बचाए रखते हैं।**

## शेर



तुम्हें यह अटपटा जरूर लगेगा कि ताकतवर और जंगल का राजा शेर भी अधिक सोने वाले जानवरों की क्षेणी में आता है। यह अलग बात है कि नर शेर आलसी या कमजोर बिल्कुल नहीं हैं। ताकत से भरपूर और एक्टिव होने के कारण ही ये जंगल के दूसरे जानवरों पर अपना दबदबा बनाए रखते हैं। शिकार करके नर शेर के खाने-पीने का इंतजाम करने का जिम्मा भी जब मादा शेरनी का होता है तो ये दिन में 18-22 घंटे ऊंघने के अलावा करते ही क्या हैं। कभी-कभी तो ये नर शेर दिन में 24 घंटे सोते रहते हैं।

## कोआला



ऑस्ट्रेलिया में पाए जाने वाले कोआला आलसी जानवरों में पहले स्थान पर हैं। ये ज्यादातर नीलगिरी के पेड़ों पर समूह में रहते हैं और आसानी से उपलब्ध नीलगिरी के पत्ते, फल-फूल, पेड़ की छाल खाकर पेट भरते हैं। खाना ढूंढ़ने के लिए उन्हें कहीं जाने की भी जरूरत नहीं पड़ती। फाइबर से भरपूर ये पत्ते कोआला को ऊर्जा प्रदान करते हैं। कोआला नीलगिरी के पेड़ों पर बैठे-बैठे दिन में 22 घंटे सोते रहते हैं।

## आर्माडीलो



ये एक दिन में 18-20 घंटे तक सोते हैं। अकेले रहने वाले आर्माडीलो रात के समय एक्टिव होते हैं और दिन में अपने बिल के अंदर जहां तक होता है, क्रॉल करते रहते हैं। ये कमजोर नजर वाले होते हैं। सूंघ कर अपने भोजन की तलाश करते हैं।

## स्लोथ



दक्षिण और मध्य अमेरिका में पाए जाने वाले स्लोथ बहुत धीमी गति से अपने काम करते हैं। जमीन पर चलते और पेड़ पर चढ़ते वक्त ये एक मिनट में सिर्फ 15-20 सेमी ही आगे बढ़ पाते हैं। ये इतने आलसी होते हैं कि उनके आसपास क्या हो रहा है, इससे उन्हें फर्क नहीं पड़ता। स्लोथ दिन में अपने हाथों से पेड़ों की शाखाओं को घेरकर उलटे लटके रहते हैं। ऐसे ही ये लटके हुए 20 घंटे तक सोते रहते हैं।

## ब्राउन बैट



ये उत्तरी अमेरिका में पाए जाते हैं। उलटे लटकने वाले ब्राउन बैट दिन में 20 घंटे सोते रहते है और रात को एक्टिव होते हैं।

## गिलहरी



गिलहरी कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन और वसा से भरपूर खाना खाती है, जिससे इसे नींद ज्यादा आती है। ये टहनियों, पत्तों, फर और पंखों जैसी नरम चीजों से बनाए घोंसले में रहती है और दिन में करीब 14 घंटे सोती है।

## आउल मंकी



ये दक्षिण और मध्य अमेरिका के जंगलों में पाए जाते हैं और समूह में रहते हैं। आउल मंकी एक दिन में 17 घंटे सोते रहते हैं। ये रात के समय एक्टिव रहकर अपने सारे काम निपटा लेते हैं।



## दरियाई घोड़े

अफ्रीका में पाए जाने वाले हिप्पो ऊंघने में मास्टर होते हैं। समूह में रहने वाले हिप्पो दिन के समय गर्मी से बचने के लिए पानी के नीचे या जमीन पर, जहां भी मौका मिलता है, झपकी ले लेते हैं। अपने समूह के साथ हिप्पो बेखौफ होकर दिन में 18-20 घंटे सोते हैं।

## प्यारा और अनूठा शेवट्रेन

शेवट्रेन ऐसा जीव है, जिसका शरीर हिरन की तरह और मुंह चूहा जैसा होता है। अलग-अलग देशों के लोग इसे अलग-अलग नामों से बुलाते हैं। यह दक्षिण भारत के अलावा एशिया और अफ्रीका के विभिन्न जंगलों में पाया जाता है। इसे आर्द्र जलवायु ज्यादा भाती है। यही कारण है कि यह वर्षावनों में ज्यादा पाया जाता है। शेवट्रेन या पिसूरी चूहे की शक्ल का जीव है, पर इसका शरीर हिरन जैसा होता है। इसलिए लोग इसे माउस डियर कहते हैं। एशिया में पाए जाने वाले माउस डियर अफ्रीकी माउस डियर से हल्के और छोटे होते हैं। एशियाई माउस डियर आठ किलोग्राम तक के होते हैं। वहीं, इसकी अफ्रीकी प्रजाति का वजन 16 किलोग्राम तक होता है। यह पूरी तरह शाकाहारी होता है और पौधों के मुलायम पत्ते व पेड़ से गिरे फलों को खाता है। इसके शरीर के निचले हिस्से पर हिरन के जैसी ही धारियां भी बनी होती हैं। इसके कान छोटे-छोटे होते है। यह बहुत ही डरपोक होता है, पर विरोधी कमजोर हो, तो हमला भी कर देता है। शेवट्रेन नाम फ्रेंच से लिया गया है, जिसका मतलब 'छोटी बकरी' होता है। तेलुगु में इसे जारिनी पंडी, मलयालम में खूरान और कोंकणी में इसे बरिंका कहा जाता है। एक अनुमान के अनुसार इस जीव की खोज नव पाषाण काल में हुई। इसके पेट की संरचना बाकी जीवों से थोड़ी अलग होती है। इसके पाचन प्रक्रिया के लिए चार अलग-अलग चेंबर होते हैं। भोजन बारी-बारी से हर चेंबर से होकर गुजरता है, जहां पौष्टिक तत्वों का अवशोषण होता है। मादा एक बार में एक ही बच्चा देती है. इस कारण इनकी संख्या बहुत ही कम है। इनके पैर पतले होते हैं और खुर गाय जैसे, पर काफी छोटे होते हैं। इन्हें सींग नहीं होता, पर नर का जबड़ा काफी मजबूत होता है और जरूरत पड़ने पर इससे वह दुश्मनों पर हमला भी करता है। ये समूह में रहने के बजाय जोड़ी में रहना पसंद करते हैं। ये बच्चों का देखभाल 2-3 माह तक ही करते हैं। 10 माह में इनके बच्चे वयस्क की भूमिका निभाने और प्रजनन के लिए तैयार हो जाते हैं।





## इनक्यूबेटर का कमाल

**आर्यन और प्रफुल्ल दोनों भाइयों की साइंस में विशेष रुचि थी। साइंस की उन्हें काफी जानकारी भी थी। स्कूल से लौटकर आने के बाद भी वे दोनों कभी साइंस की कोई मैगजीन पढ़ते रहते तो कभी साइंस से जुड़ी कोई वेबसाइट देखते रहते। उनकी कॉलोनी में रहने वाले लोग अकसर उनके पापा से कहते, 'देख लीजिएगा श्याम जी! आपके बेटे एक दिन बहुत बड़े वैज्ञानिक बनेंगे।'**

लोगों के ऐसा कहने की वजह यह थी कि उन्होंने कई बार आर्यन और प्रफुल्ल को साइंस की मदद से समस्याओं के काफी रोचक समाधान निकालते देखा था। आज भी उनके पास एक ऐसी समस्या आ गई थी। दरअसल सुबह जब वे स्कूल बस के आने का इंतजार कर रहे थे तब उनकी कॉलोनी में रहने वाले एक अंकल उनके पास आए और कहने लगे, 'मैं एक मुश्किल में फंस गया हूं। मुझे लगता है कि उसका समाधान तुम दोनों निकाल सकते हो। क्या तुम मेरी मदद करोगे?'

'क्या हुआ अंकल, आप बताइए। अगर संभव हुआ तो हम आपकी परेशानी का हल जरूर निकालेंगे।' आर्यन बोला।

'थैंक्यू बच्चो! मुझे तुमसे यही उम्मीद थी। अब मेरी समस्या सुनो- मेरे पास एक मुर्गी है, जिसे मैंने बड़े प्यार से पाला है। कल वह घर के बाहर घूमते-घूमते अचानक सामने वाले घर में चली गई और लोहे के कंटीले तारों में फंसकर जख्मी हो गई। कल ही उसने दो अंडे दिए हैं। अंडों में से चूजों के बाहर आने में अभी समय है और मुर्गी अभी ऐसी हालत में नहीं है कि उन्हें गर्मी देकर से सके। क्या अंडों को सेने का कोई और तरीका हो सकता है? मैं चाहता हूं कि दोनों चूजे अंडों से बाहर निकलने के बाद पूरी तरह स्वस्थ हों और तब तक मुर्गी की हालत भी सुधर जाए।'

आर्यन और प्रफुल्ल ने एक पल के लिए कुछ सोचा और एक-दूसरे की तरफ देखकर दोनों के मुंह से निकला- 'इनक्यूबेटर'।फिर वे दोनों बोले, 'अंकल आपका काम हो जाएगा। हमें शाम तक का समय दीजिए। आपके चूजे भी सही सलामत रहेंगे और मुर्गी भी।' यह सुनते ही कॉलोनी वाले अंकल के चेहरे पर मुस्कान आ गई।

स्कूल से घर वापस आते ही दोनों भाइयों ने खाना खाया और इनक्यूबेटर बनाने में लग गए। सबसे पहले आर्यन ने थर्मोकॉल का एक चौकोर डिब्बा बनाया, जिसे खोला भी जा सके। इसके बाद प्रफुल्ल ने उसके अंदर चारों तरफ रुई की मोटी पर्त बिछा दी ताकि उसके अंदर अंडों को सेने के लिए जरूरी गर्मी बनी रहे। दोनों भाइयों ने बायोलॉजी के पाठ इनक्यूबेटर में पढ़ा था कि मुर्गी के अंडों को सेने के लिए 99 से 102 डिग्री के आस-पास के तापमान की जरूरत होती है। दोनों ने इसके लिए उस डिब्बे का तापमान मापने के लिये उसमें तापमान मानक यंत्र के रूप में थर्मामीटर रख दिया। फिर डिब्बे के अंदर एक साफ मुलायम कपड़ा बिछाया। साथ ही उस डिब्बे में ऊपर से एक छेद करके उसमें बिजली का एक तार लटकाया। बिजली के उस तार के एक कोने में प्लग लगाया और तार के दूसरे कोने को बॉक्स में लटकाकर उसके अंदर होल्डर लगाया। होल्डर में एक बल्ब फिट किया और उसे जला दिया ताकि उसके जलने से डिब्बे में जरूरत के हिसाब से तापमान बना रहे। इसके बाद दोनों ने उसका तापमान थर्मामीटर से मापकर देखा तो वह उतना ही था, जितने की उन्हें जरूरत थी। अब उनका इनक्यूबेटर मुर्गी के अंडे सेने के लिए तैयार था।

शाम को आर्यन और प्रफुल्ल इनक्यूबेटर लेकर मुर्गी वाले अंकल के घर गए। वहां उन्होंने उसे सेट करके उसमें दोनों अंडों को रख दिया। साथ ही उन्होंने अंकल से कहा,'इन अंडों में से चूजे निकलने में 21-23 दिन का समय लगेगा। हम बीच-बीच में आकर इसे चेक करते रहेंगे। अब हम चलते हैं और आप भी अब निश्चिंत होकर अपनी मुर्गी का इलाज करवाइये।

घरेलू इनक्यूबेटर में अंडों के सेने का इंतजाम असर दिखा रहा था। 21वें दिन आर्यन और प्रफुल्ल को अंडों में कुछ हलचल सी दिखी। यह देखकर वे दोनों बहुत खुश हुए। 23वें दिन अंडे का छिलका टूटा और उसके अंदर से दो प्यारे-प्यारे चूजे बाहर आए। उन्हें देखकर सब तालियां बजाने लगे। कॉलोनी में रहने वाले लोग आर्यन और प्रफुल्ल को बधाई दे रहे थे। आर्यन और प्रफुल्ल की खुशी का ठिकाना नहीं था। अगले दिन उन दोनों के स्कूल में प्रिंसिपल सर ने दोनों की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, 'आर्यन और प्रफुल्ल हमारे स्कूल के नंबर वन बाल वैज्ञानिक हैं। ये सिर्फ परीक्षा में पास होने के लिए ही पढ़ाई नहीं करते, बल्कि उसे अमल में भी लाते हैं। आज स्कूल के सभी छात्र इन दोनों के लिए तालियां बजाएंगे।' सर का इतना कहना था, सारे बच्चों ने प्रफुल्ल और आर्यन के लिए जोरदार तालियां बजाईं। इससे दोनों का हौसला और बुलंद हो गया। दोनों ने सोच लिया था कि वे थॉमस अल्वा एडीसन, गैलीलियो और आइंस्टीन के बारे में केवल एग्जाम में ही नहीं लिखेंगे, बल्कि उनकी तरह बन कर दिखाएंगे और अपने स्कूल का नाम रोशन करेंगे।

